# मेट्रो Rays

आगे रखने का वादा

सांध्य दैनिक

रांची, मंगलवार, 12 अगस्त 2025

संवत 2082, भाद्रपद कृष्ण पक्ष 3 मूल्य 2 रुपये

वर्ष-8, अंक 339 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028





4 ▶▶ सरकार की दृढ़ता और राष्ट्रीय हितों की रक्षा

एशिया कप को लेकर हार्दिक का होगा फिटनेस टेस्ट, एनसीए में एक हफ्ता और रुकेंगे सूर्यकुमार ◀ 6


## मुख्यमंत्री ने श्राद्ध कर्म का विधान किया पूरा



नेमार: दिशोम गुरु शिबू सोरेन के पारंपरिक श्राद्ध कर्म के आठवें दिन आज मुख्यमंत्री  हेमन्त सोरेन ने अपने परिजनों संग दिवंगत आत्मा की शांति हेतु पारंपरिक मान्यताओं के अनुरूप श्राद्ध कर्म  का विधान पूरा किया।

# आदिवासियों की विश्व प्रसिद्ध धर्मस्थली लुगुबुरू में लगेगी गुरुजी की आदमकद प्रतिमा

संवाददाता

**बोकारो:** विश्व आदिवासी दिवस पर जिला प्रशासन व आदिवासी समाज द्वारा दिशोम गुरु बाबा शिबू सोरेन को समर्पित श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। यह आयोजन आदिवासियों के विश्व विख्यात धर्मस्थली गोमिया प्रखंड के ललपनिया पंचायत के लुगुबुरू में किया गया। इस मौके पर उपायुक्त अजय नाथ झा, पुलिस अधीक्षक हरविंदर सिंह समेत जिले के अन्य पदाधिकारी और आदिवासी समाज के गणमान्य सदस्य उपस्थित थे। आदिवासी समाज की ओर से आयोजित इस सभा में दिशोम गुरु के जीवन, संघर्ष और आदिवासी चेतना के प्रति उनके योगदान को भावपूर्ण ढंग से याद किया गया। सभा की



शुरूआत दो मिनट का मौन रखकर बाबा दिशोम गुरु को श्रद्धांजलि अर्पित करने से हुई। सभा को संबोधित करते हुए उपायुक्त ने कहा कि समाज को नशामुक्त बनाना और शिक्षा को हर घर तक पहुँचाना हम सबकी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि नशे से मुक्ति, शिक्षा का विस्तार और समग्र विकास झ यही बाबा दिशोम गुरु को हमारी ओर से सच्ची श्रद्धांजलि होगी। जिले का एक भी बच्चा बुनियादी शिक्षा से वंचित नहीं हो, इसके लिए प्रशासन प्रतिबद्ध है। सभी का नामांकन आंगनबाड़ी केंद्रों, आंगनबाड़ी केंद्र से प्राथमिक विद्यालय एवं प्राथमिक विद्यालय से उच्च विद्यालय में हो, इसकी निगरानी की जाएगी। युवाओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि नशा और सामाजिक बुराइयों से दूर रहकर शिक्षा, कौशल और रोजगार की दिशा में आगे बढ़ना ही भविष्य को उज्जवल बनाएगा। उन्होंने बाबा शिबू के नाम से नशामुक्ति का अभियान चलाने, समाज को जागरूक करने की बात कहीं। उपायुक्त ने बाबा दिशोम गुरु के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनके द्वारा शुरू किए गए रात्रि पाठशाला एवं उनकी समाज सुधारक की भूमिका के संबंध में विस्तार से बताया। उन्होंने बताया कि बाबा शिबू सोरेन की लुगुबुरू में आदमकद प्रतिमा बनेगी । इसके लिए समाज के लोगों से स्थान चिन्हित करने को कहा गया है।

मौके पर अपने संबोधन में पुलिस अधीक्षक हरविंदर सिंह ने बाबा शिबू सोरेन के जीवनी, उनके संघर्ष के संबंध में बताया। यह सब क्षेत्र जो कभी अति नक्सल प्रभावित हुआ करता था, लगातार विकास झ प्रगति के कारण ही यहां की पूरी तस्वीर अब बदल चुकी है। उन्होंने कहा कि पूरा प्रशासन आमजनों के साथ है। उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक ने बाबा लुगुबुरू के मंदिर में पूजा-अर्चना की। इस दौरान उन्होंने जिले और राज्यवासियों की सुख-समृद्धि, शांति और आपसी भाईचारे के लिए विशेष प्रार्थना की। उन्होंने कहा कि लुगुबुरू केवल धार्मिक स्थल ही नहीं, बल्कि सांस्कृतिक एकता का भी प्रतीक है। एसडीओ बेरमो मुकेश मछुआ ने भी अपने संबोधन में कहा कि बाबा दिशोम गुरु द्वारा सूदखोरी और महाजनीय प्रथा के विरुद्ध किए गए आंदोलन एवं किसानों, दलित पीड़ित सभी वर्गों के शोषण को बंद करने के लिए किए गए कार्य को भुलाया नहीं जा सकता। मौके पर आदिवासी समाज के लोग उपस्थित थे।

## फ्री बिजली के बाद अब घर-घर मुफ्त में लगेगा सोलर पैनल, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का एलान

**पटना:** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मंगलवार को अपने संबोधन में बड़ा ऐलान किया है । जिसमें उन्होंने 125 यूनिट तक बिजली बिल फ्री करने के फायदे गिनाए और सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने पर जोर दिया। जिसके बाद सीएम ने कहा कि राज्य सरकार घर-घर मुफ्त सोलर पैनल लगवाएगी । इस योजना की शुरूआत खुद मुख्यमंत्री

सीएम नीतीश कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि अगर किसी उपभोक्ता को अपने घर पर सोलर पैनल लगवाने की इच्छा है, तो सरकार यह काम करवाकर देगी। उन्हें कुछ नहीं करना होगा। कहा कि राज्य के सभी सरकारी भवनों में सोलर पैनल लग रहे हैं। इसकी शुरूआत उन्होंने खुद अपने सीएम आवास से की थी ।अब आम लोगों को भी सोलर पैनल मुफ्त में उपलब्ध कराए जाएंगे। उन्होंने



कहा कि सोलर पैनल लगाने से राज्य में ऊर्जा उत्पादन बढ़ेगा।

वहीं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अपने संबोधन के दौरान आरजेडी-कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि साल 2005 से पहले बिहार में बिजली की स्थिति बहुत खराब थी। उस समय कोई काम नहीं होता था। राजधानी पटना में भी 7-8 घंटे से ज्यादा बिजली नहीं रहती थी। अन्य सब जगहों पर भी बुरा हाल था।आगे उन्होंने ने कहा कि, हमारी सरकार बनने के बाद बिजली के क्षेत्र में सुधार हेतु बड़े पैमाने पर काम शुरू किया गया। ऊर्जा विभाग का बजट बढ़ाया गया। बिजली की आपूर्ति बढ़ाई गई। सभी गांव और टोलों में बिजली पहुंचाई गई। 2015 में 7 निश्चय केअंतर्गत हर घर बिजली पहुंचाने का फैसला लिया गया। 2018 में हर घर में बिजली पहुंचा दी गई।

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने दावा किया कि उनकी सरकार शुरूआत से ही उपभोक्ताओं को सस्ती दर पर बिजली उपलब्ध करवा रही है। उन्होंने कहा की सरकार को बिजली खरीदने में काफी ज्यादा खर्च होता है , लेकिन फिर भी सरकार लोगों को सस्ती दर में बिजली उपलब्ध करवा रही है । जिसे लेकर सरकार घरेलू उपभोक्ताओं के लिए 125 यूनिट बिजली फ्री देने का निर्णय कर इसे लागू कर दिया गया है । जिससे राज्य के1.89 लाख घरेलू उपभोक्ताओं को लाभ मिलेगा

## कैश कांड  में फंसे जस्टिस यशवंत वर्मा पर चलेगा महाभियोग लोस अध्यक्ष ने जांच के लिए बनाई तीन सदस्यीय कमेटी



**नई दिल्ली :** कैश कांड  मामले में फंसे इलाहाबाद हाईकोर्ट के जज जस्टिस यशवंत वर्मा के खिलाफ महाभियोग की प्रक्रिया को आगे बढ़ाते हुए लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने एक तीन सदस्यीय जांच समिति के गठन की घोषणा कर दी है। यह समिति जस्टिस वर्मा पर लगे आरोपों की जांच करेगी। लोकसभा अध्यक्ष द्वारा गठित की गई इस उच्च-स्तरीय समिति में सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश, एक हाईकोर्ट के न्यायाधीश और एक वरिष्ठ कानूनविद को शामिल किया गया है। समिति के सदस्यों में सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस अरविंद कुमार, राजस्थान हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस मनिंदर मोहन श्रीवास्तव और जाने-माने कानूनविद बीवी. आचार्य का नाम शामिल है। यह हाई-प्रोफाइल मामला इसी साल 14 मार्च, 2025 को सामने आया था, जब जस्टिस वर्मा के दिल्ली स्थित सरकारी आवास पर आग लग गई थी। आग बुझाने के बाद मौके से भारी मात्रा में जली हुई नकदी बरामद हुई थी, जिसके बाद न्यायपालिका में हड़कंप मच गया था। घटना के समय जस्टिस वर्मा दिल्ली हाईकोर्ट में कार्यरत थे और बाद में उनका तबादला इलाहाबाद हाईकोर्ट कर दिया गया था।

पिछले महीने, कांग्रेस, बीजेपी, जेडीयू और टीडीपी समेत कई दलों के लोकसभा सांसदों ने एक साथ मिलकर अध्यक्ष ओम बिरला को ज्ञापन सौंपा था और जस्टिस वर्मा के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव लाने की मांग की थी। इससे पहले, एक आंतरिक जांच समिति की रिपोर्ट के आधार पर तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) संजीव खन्ना ने भी राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर जस्टिस वर्मा के खिलाफ महाभियोग की सिफारिश की थी। अब जांच समिति की रिपोर्ट के आधार पर सदन में महाभियोग प्रस्ताव पर आगे की कार्रवाई तय होगी।



## चान्हो पुलिस ने दो युवकों को किया गिरफ्तार, पिस्टल और कारतूस बरामद

**चान्हो :** थानाक्षेत्र के बरहे गांव में पिस्टल दिखाकर ग्रामीणों को जान से मारने की धमकी देने वाले दो युवकों को चान्हो पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों युवकों के पास से एक पिस्टल और 3 कारतूस बरामद किया है।

गिरफ्तार युवकों की पहचान काली लोहरा पिता मोहन लोहरा और आनंद महली पिता बजरंग महली के रूप में हुई है। दोनों युवक बरहे गांव के ही रहने वाले हैं।

पुलिस ने दोनों युवकों को गिरफ्तार करने के बाद उनके पास से बरामद पिस्टल और कारतूस को जब्त कर लिया है। पुलिस अब इस मामले में आगे की जांच कर रही है और दोनों युवकों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई करेगी।

## सजा की अवधि से अधिक समय तक जेल में बंद दोषी को करें रिहा  : सुप्रीम कोर्ट



**नई दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से कहा कि कोई दोषी व्यक्ति सजा की निर्धारित अवधि पूरी करने के बाद भी जेल में बंद है और किसी अन्य मामले में वांछित नहीं है तो उसे तत्काल रिहा किया जाए। न्यायमूर्ति बी वी नागरत्ना और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की पीठ ने 2002 के नीतीश कटारा हत्याकांड के दोषी सुखदेव यादव उर्फ पहलवान को रिहा करने का आदेश देते हुए राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को यह निर्देश दिया। न्यायालय ने कहा कि यादव ने इस साल मार्च में बिना किसी छूट के 20 साल की सजा पूरी कर ली है। पीठ ने इसके साथ ही सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के गृह सचिवों को निर्देश दिया कि वे यह पता करें कि कोई दोषी व्यक्ति सजा की निर्धारित अवधि से अधिक समय तक जेल में बंद तो नहीं है। यदि कोई दोषी व्यक्ति किसी अन्य मामले में वांछित नहीं है और निर्धारित अवधि से अधिक समय तक जेल में बंद हैं तो जरूरी कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद उसे शीघ्र रिहा किया जाए।

पीठ ने कहा कि न्यायालय के इस आदेश को राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के सदस्य सचिव को भेजा जाए ताकि इससे राज्यों के जिला विधिक सेवा प्राधिकरणों अवगत कराया जा सके।

## बारिश में ट्रैक के नीचे से निकली मिट्टी बाल-बाल बची नमो भारत ट्रेन

**पटना:** पटना मोकामा रेलखंड पर सोमवार को रेल हादसा होते- होते बच गया। लगातार बारिश की वजह से दानापुर रेल मंडल के टेकाबिगहा स्टेशन के नजदीक रेलवे ट्रैक के नीचे से मिट्टी निकल रही थी, जिससे ट्रैक आंशिक रूप से धंस गया था। इससे डाउन लाइन पर 3 ट्रेनों का परिचालन लगभग एक घंटे तक बाधित हो गया। ट्रैक के पास से मिट्टी निकलने की सूचना मिलने के बाद मौके पर रेलवे की टीम पहुंची और इसे दुरुस्त किया। शाम साढ़े सात बजे रेलखंड पर इसे दुरुस्त कर ट्रेनों को धीमी गति से गुजरने का कागजी निर्देश जारी किया गया। रेलखंड पर अब रेल परिचालन सुविधा बहाल कर दी गई। रेल सूत्रों के मुताबिक सोमवार की शाम करीब साढ़े छह बजे गाड़ी संख्या 94804 पटना जयनगर नमो भारत रैपिड ट्रेन डाउन लाइन से गुजर रही थी। सेमीहाईस्पीड ट्रेन होने की वजह से अन्य ट्रेनों से इसकी रफ्तार अधिक थी।

## ट्रेन को बेपटरी करने की साजिश,  रेलवे ट्रैक पर रखा पत्थर, इतवारी एक्सप्रेस बाल-बाल बची



**चक्रधरपुर:** रेल मंडल के सोनुवा के पास रविवार रात ट्रैक पर पत्थर रख ट्रेन को बेपटरी करने की साजिश रची गई, लेकिन इतवारी-टाटा एक्सप्रेस दुर्घटनाग्रस्त होने से बाल-बाल बच गई। ट्रेन चालक की रिपोर्ट पर सोनुवा स्टेशन ने तत्काल इस रेललाइन पर ट्रेनों का परिचालन रोक दिया। इसके बाद रेलकर्मी और आरपीएफ मौके पर पहुंचे और पटरी की मरम्मत के बाद रात करीब 11 बजे ट्रेनों का आवागमन शुरू किया गया।  रेलकर्मियों द्वारा जांच के दौरान पाया गया कि डाउन लाइन पर पोल संख्या 334-8 और 334-4 के पास तीनों ट्रैक पर पत्थर रखे मिले। वहीं जब इतवारी एक्सप्रेस का निरीक्षण किया गया तो पाया गया कि ट्रेन के गुजरने के दौरान पटरी पर पत्थरों के खरोंच के निशान हैं। इधर, मामले की जानकारी मिलने के बाद रेलवे की ओर से उस रूट से गुजरने वाली कामख्या एक्सप्रेस ट्रेन दो घंटे सोनुवा स्टेशन पर खड़ी रही। वहीं शालीमार-एलटीटी एक्सप्रेस, टाटा-इतवारी एक्सप्रेस, पुणे-हावड़ा आजाद हिंद एक्सप्रेस को भी विभिन्न स्टेशनों पर रोककर रखा गया।

# दिनदहाड़े बड़ी लूट : सिर्फ 18 मिनट में बैंक से 14 करोड़ का सोना और 5 लाख कैश ले उड़े लुटेरे, मचा हड़कंप

**जबलपुर:** मध्य प्रदेश के जबलपुर में लुटेरों ने एक बड़ी वारदात को अंजाम दिया है। शहर के खितौला स्थित  ईएसएएफ स्मॉल फाइनेंस बैंक  की शाखा से हथियारबंद लुटेरे 14 करोड़ रुपये से अधिक कीमत का सोना और 5 लाख रुपये की नकदी लूटकर फरार हो गए। हैरान करने वाली बात यह है कि इस पूरी घटना को सिर्फ 18 मिनट के भीतर अंजाम दिया गया।

जबलपुर ग्रामीण के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (एडिशनल एसपी) सूर्यकांत शर्मा ने बताया कि आरोपी दो मोटरसाइकिलों पर सवार होकर आए थे और हेलमेट पहने हुए थे। वे सुबह-सुबह बैंक



के अंदर घुसे और मात्र 18 मिनट में 14.8 किलोग्राम सोना और 5 लाख रुपये की नकदी लूटकर भाग निकले। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बैंक की शाखा में कोई भी सुरक्षा गार्ड तैनात नहीं था। जिस समय यह घटना हुई, उस वक्त बैंक में छह कर्मचारी मौजूद थे। लुटेरे सुबह 8 बजकर 50 मिनट पर बैंक में दाखिल हुए और ठीक 9 बजकर 8 मिनट पर लूट को अंजाम देकर फरार हो गए।

पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है, जिसमें लुटेरे मोटरसाइकिल पर भागते हुए दिखाई दे रहे हैं। अधिकारियों के अनुसार, लुटेरों ने खुलेआम हथियार नहीं दिखाए, लेकिन एक लुटेरे ने अपनी बेल्ट में बंदूक फंसा रखी थी।

एक वरिष्ठ अधिकारी ने इस बात पर भी नाराजगी जताई कि बैंक कर्मचारियों ने अपने वरिष्ठों से चर्चा करने के बाद घटना के लगभग 45 मिनट बाद पुलिस को सूचित किया। उन्होंने कहा, ह्यअगर हमें समय पर सूचित किया गया होता, तो लुटेरों को पकड़ा जा सकता था। फिलहाल, आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं।

सूत्रों के मुताबिक, आमतौर पर बैंक सुबह 10:30 बजे खुलता है, लेकिन त्योहार के कारण उस दिन शाखा को सुबह 8:00 बजे ही खोल दिया गया था, जिसका फायदा लुटेरों ने उठाया।

## न्यूज IN ब्रीफ

### जनसमस्याओं पर हुई चर्चा

**चतरा :** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी( भाकपा ) जिला परिषद चतरा की बैठक सोमवार को आरके महतो हॉस्पिटल में कॉमरेड बनवारी साहू की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में आगामी 24, 25 और 26 अगस्त को होने वाले राज्य सम्मेलन की तैयारियों पर चर्चा की गई। तय किया गया कि 24 अगस्त को आयोजित ओपन सेशन में चतरा जिले से लगभग 200 लोग भाग लेंगे। राज्य सम्मेलन के लिए चतरा से चुने गए प्रतिनिधियों में अर्जुन कुमार, गयानाथ पाण्डेय, डोमन भुईया, जवाहर विश्वकर्मा, अरविंद शर्मा, रामकिशोर यादव, रहमतुल्लाह, दशरथ ठाकुर, नर्मदेश्वर सिंह, विष्णु प्रसाद और सुरेंद्र दास शामिल हैं। बैठक में निर्णय लिया गया कि संगठन को निचले स्तर से मजबूत किया जाएगा,जिसके लिए महिला मोर्चा, नौजवान सभा और किसान सभा की इकाइयों के साथ ब्रांच, प्रखंड और जिला स्तर पर संगठन तैयार किए जाएंगे। इसके लिए सिमरिया में 17 अगस्त, हंटरगंज में 2 सितंबर, प्रतापपुर में 3 सितंबर और टंडवा में 9 सितंबर को बैठकें होंगी। जनसमस्याओं पर चर्चा करते हुए पार्टी ने कहा कि कुछ विद्यालयों के मर्ज होने और सुदूरवर्ती इलाकों के स्कूल बंद होने से दलित-आदिवासी बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। वन विभाग के मामलों में भूमिहीन गरीब परिवारों को परेशान किए जाने, शिवपुर-कठौतिया रेलवे लाइन आंदोलन पर प्रशासन की निष्क्रियता और भारतमाता ग्रीन एक्सप्रेस वे परियोजना पर जिला प्रशासन के ढुलमुल रवैये पर भी नाराजगी जताई गई। तय किया गया कि इन मुद्दों को लेकर जिला मुख्यालय में आंदोलन किया जाएगा।बैठक में ऑल इंडिया यूथ फेडरेशन के प्रदेश अध्यक्ष अर्जुन कुमार, जिला मंत्री गयानाथ पाण्डेय, ऐटक मजदूर नेता अरविंद शर्मा, जिला सहायक सचिव डोमन भुईया, जिला सहायक सचिव रहमतुल्लाह समेत ओम प्रकाश शर्मा, लोकनाथ साव, सेवक गंझू, रामनाथ महतो, मोती दांगी, शिवशंकर भारती, चिंतामणि साव, मदन दास, बिगन भारती, जोगेंद्र भारती, सुदय भारती और राहुल मौजूद थे।

### कोरम पूरा नहीं होने के कारण सेविका का चयन चौथी बार टला



**चतरा :** हंटरगंज प्रखंड के चकला पंचायत स्थित चतरीटाड़ बैगा टोला आंगनबाड़ी केंद्र में सेविका चयन के लिए बुलाई गई ग्राम सभा रद्द कर दी गई। यह सभा ग्राम सभा चकला पंचायत मुखिया दीपा भारती की अध्यक्षता में होनी थी। सेविका पद के लिए 4 उम्मीदवारों ने नामांकन किया था। नियमानुसार के अनुसार मुखिया, पंचायत समिति, एएनएम, और शिक्षक की उपस्थिति और हस्ताक्षर जरूरी होते हैं, जिसे कोरम कहा जाता है। सभा के दौरान यह कोरम पूरा नहीं हो सका। महिला पर्यवेक्षिका संगीता कुमारी ने बताया कि कोरम पूरा नहीं होने के कारण सभा को तत्काल स्थगित कर दिया गया जिससे ग्रामीण मायूस घर लौटे। ग्रामीणों ने बताया कि चार बार चुनाव स्थगित हुई है इससे ग्रामीण लापरवाही का आरोप लगा रहे है। इधर मुखिया दीपा भारती, एनएम रंजू कुमारी और शिक्षक निराला ने बताया कि मेरे पास विभाग के द्वारा कोई लिखित चिट्ठी नही आई थी।मौके पर दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे। अब चयन प्रक्रिया की अगली तिथि विभाग तय करेगा। ग्रामीणों में इस रद्द हुई सभा को लेकर मिली-जुली प्रतिक्रिया रही। कुछ लोगों ने कहा कि उन्हें आयोजन की जानकारी समय पर नहीं मिली।

### बीडीओ ने मुखिया को विकास कार्यों के बारीकियों की दी जानकारी



**चतरा :** हंटरगंज प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित कार्यालय सभागार में बीडीओ निखिल गौरव कमान कच्छप ने सोमवार को प्रखंड के सभी मुखिया के साथ बैठक की। इसमें ग्रामीणों की समस्याएं दूर करते हुए सभी पंचायतों में विकास कार्य की गति तेज करने की बात कही। बीडीओ निखिल ने कहा कि गांव के अंतिम व्यक्ति तक सरकार की लाभकारी योजनाओं का लाभ दिलाने का संकल्प लें।उन्होंने सभी मुखिया को विकास कार्यों में एवं योजनाओं के गतिविधियों में कई महत्वपूर्ण बारीकियों से संबंधित जानकारी विस्तार से देते हुए बताया कि मनरेगा योजना में ससमय भुगतान अति आवश्यक है। इसमें कोताही न बरतें। विकास योजना में मिली राशि का भुगतान या खर्च योजना की जरूरत को देखकर करें।ऐसी योजनाओं का चयन करें जिससे अधिक से अधिक लोग लाभान्वित हो मौके पर बीपीओ निरंजन कुमार, मुखिया संघ अध्यक्ष अशोक यादव, नावाडीह पंचायत मुखिया बसंती पन्ना, बलुरी मुखिया प्रतिनिधि सतेंद्र सिंह, मदन चौधरी, बाबुनंद पासवान, बृजकिशोर सिंह, के अलावा सभी पंचायत के मुखिया मौजूद थे।

### अभाविप के पूर्व विभाग संयोजक अमन यादव बने चतरा नगर के विधायक प्रतिनिधि

**चतराः** लोजपा विधायक जनार्दन पासवान ने अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के पूर्व विभाग संयोजक अमन यादव को चतरा नगर के लिए अपना विधायक प्रतिनिधि नियुक्त किया है। इस नियुक्ति के माध्यम से श्री पासवान ने अमन यादव को चतरा नगर के लिए अपेक्षित बैठकों, योजनाओं के कार्यान्वयन और समन्वय हेतु अपना प्रतिनिधि नामित किया है। विधायक श्री पासवान ने पत्र जारी कर कहा है कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के पूर्व विभाग संयोजक अमन यादव को चतरा नगर के लिए अपना विधायक प्रतिनिधि नियुक्त करता हूँ। मुझे विश्वास है कि वे चतरा नगर के विकास के लिए अपना महत्वपूर्ण योगदान देंगे और क्षेत्र की जनता की समस्याओं का समाधान करेंगे। वहीं नवनियुक्त विधायक प्रतिनिधि अमन यादव ने अपनी नियुक्ति पर विधायक जनार्दन पासवान का आभार व्यक्त किया। कहा कि अपने क्षेत्र की जनता की समस्याओं का समाधान करने और क्षेत्र के विकास के लिए काम करने का प्रयास करूंगा। अमन यादव के विधायक प्रतिनिधि नियुक्त किए जाने पर अभाविप के विनोबा भावे विश्वविद्यालय के सीनेट सदस्य राजेश शाह,पूर्व प्रदेश सोशल मीडिया संयोजक शुभम कुमार, सहित अन्य ने बधाई दी।

## खूंटी-रांची रोड पर भीषण सड़क हादसा

# नशे में धुत बाइक सवार ने स्कूटी में मारी टक्कर, 5 घायल

**संवाददाता**



**खूंटी :** रांची मुख्य मार्ग पर नामकोम के पास सीता रसोई होटल के समीप शनिवार शाम एक भीषण सड़क हादसा हो गया, जिसमें पांच लोग घायल हो गए। घटना तब हुई जब नशे की हालत में एक बाइक सवार ने चार लोगों को ले जा रही स्कूटी को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी।
सूचनाओं के अनुसार, गनालोया निवासी नंदलाल गंझू अपनी पत्नी रिंकी देवी और दोनों बच्चों के साथ स्कूटी पर सवार होकर खूंटी से अपने घर लौट रहे थे। तभी नामकोम मंदिर के पास हीरो बाइक का चालक अंकित रुनडा नशे की हालत में तेज रफ्तार से ओवरटेक करने की कोशिश में स्कूटी को जोरदार टक्कर मार देता है, टक्कर इतनी जोर दार थी कि दोनों गाड़ियां सड़क के दोनों ओर घसीटते हो चली जाती है।
इस हादसे में स्कूटी चालक नंदलाल और उनकी पत्नी रिंकी देवी गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि उनके दोनों बच्चों को मामूली चोटें आईं। बाइक चालक अंकित रुनडा भी गंभीर रूप से घायल हुआ है और उसकी हालत नाजुक बताई जा रही है। सभी घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया। बताया जा रहा है कि अंकित रुनडा के साथ उसके बाइक पर उसका दोस्त भी था जो इस घटना के बाद अपने दोस्त को मौके पर ही छोड़ कर भाग गया।
घटना की सूचना मिलते ही खूंटी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों वाहनों को जब्त कर लिया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। और दोनों गाड़ियां को अपने साथ खूंटी थाना ले गई है। इस घटना के बाद स्थानीय लोगों ने नशे में वाहन चलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि इस मार्ग पर अक्सर नशे में धुत युवाओं द्वारा रेसिंग की जाती है, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है। लोगो ने प्रशासन से मांग की है कि इस जगह पर अक्सर ही सड़क दुर्घटना होती है, जिसे देखते हुए इस स्थान पर स्पीड ब्रेकर लगाया जाए।

## संयुक्त किसान मोर्चा की बैठक संपन्न शिबू सोरेन को दी गयी श्रद्धांजलि

**संवाददाता**

**मुरी :** संयुक्त किसान मोर्चा की बैठक बिमल दास की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में झारखंड राज्य निर्माता शिबू सोरेन को श्रद्धांजलि दी गई। ज्ञात हो कि 27 नवंबर 1993 में महाजनी प्रथा के खिलाफ संघर्ष में उनके पिता सोबरन सोरेन की हत्या के पश्चात 4 फरवरी 1972 को झामुमो के महासचिव चुने गए,1975 में आपातकाल में जेल में रहे,7 अगस्त 1995 को झारखंड क्षेत्र स्वायत परिषद के अध्यक्ष बने,23 मई 2004 को केन्द्रीय कोयला मंत्री बने, 3 मार्च 2005 को झारखंड के मुख्यमंत्री 10 दिनों के लिए बने, उसके बाद दो बार 5-5 माह के लिए मुख्यमंत्री बने, तीन दशक तक झामुमो के अध्यक्ष रहे, झारखंड निर्माण में उनका सर्वोपरी योगदान रहा, महाजनों के खिलाफ संघर्ष में वर्षों भूमिगत रह कर संघर्ष किया,बैठक में 13 अगस्त को बहुराष्ट्रीय कंपनियों भारत छोड़ो- कारपोरेट खेती छोड़ो दिवस मनाया जाएगा एवं अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप एवं भारतीय प्रधानमंत्री मोदी का देशव्यापी पूतला दहन का निर्णय लिया गया। झारखंड के सभी जिला मुख्यालयों, प्रखंडों, गांवों में पूतला किया जाएगा। अमेरिकी कृषि उत्पादों के लिए भारतीय मुक्त बाजार खोलने के किसान विरोधी नापाक समझौता के खिलाफ देशभर में व्यापक पैमाने में किसानों द्वारा विरोध प्रदर्शन/ पूतला किया जाएगा।बैठक में मुख्य



रूप से झारखंड राज्य किसान सभा के राज्य अध्यक्ष सुफल महतो, महासचिव सुरजीत सिन्हा-, संयुक्त सचिव असिम सरकार, स्वपन महतो, मदुवा कच्छप,अखिल भारतीय किसान सभा के महासचिव पुष्कर महंतों, केडी सिंह, किसान महासभा के राज्य अध्यक्ष बी,एन सिंह,अखिल भारतीय किसान खेत मजदूर संगठन के राज्य अध्यक्ष बिमल दास, प्रबोध महतो सचिव, रामलाल महतो केन्द्रीय उपाध्यक्ष, विरेन्द्र भगत,राजेश कुमार सिंह, जगन्नाथ रजवाड़ व अन्यउपस्थित थे।

## उत्क्रमित मध्य विद्यालय बाँसडीह के शिक्षक का आकस्मिक निधन, शोक

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**कोडरमाः** उत्क्रमित मध्य विद्यालय बाँसडीह (मरकच्चो) के शिक्षक इम्तियाज अहमद का कल आकस्मिक निधन हो गया। घर से आने के क्रम में एक पेड़ उनके उपर गिर गया और उनका निधन हो गया। उनका एक पुत्र और तीन पुत्री है। आज पूरे कोडरमा के शिक्षकों के बीच शोक का लहर रहा और सभी व्हाट्सएप पर श्रद्धांजलि देते नजर आए। कुछ मित्र जो हॉस्पिटल गए जिला कार्यकारिणी के जितेंद्र कुमार, सदस्य ज्वाला समीर जितेंद्र कुमार , सचिव अशोक कुमार ,जीतेंद्र कुमार,विनोद यादव शामिल थे। दुख संवेदना व्यक्त करने वालों में अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष शिव शंकर रजक महासचिव रविकांत कुमार रवि जिला संगठन सचिव सुभाष चंद्र उपाध्यक्ष राजकिशोर दास ललन प्रसाद यादव संयुक्त सचिव मनोज चौरसिया, रामचंद्र ठाकुर ,विज्ञान्ति कुमारी, तारीक अनवर, राजीव यादव, राजेंद्र कुमार, सेवानिवृत शिक्षक विनोद सिंहा, शंकर दयाल ।संजीव मिश्रा, अश्विनी कुमार तिवारी, देवनारायण राणा ,विवेक रंजन ,अध्यक्ष मरकच्चो मनोज ठाकुर ,ज्वाला समीर ,आशुतोष कुमार ,रंजीत कुमार, दीनबंधु कुमार,अरुण मिश्रा, ओमप्रकाश रजक ,अजय बर्मन ,मिथिलेश कुमार ,रामेश्वर कुमार ,प्रदुम्न कुमार, संजीव कुमार, कपिल सिंह ,संजय पंडित , भुवन कुमार, शंभू शर्मा, गंगाधर



दास ,पवन कुमार ,महेंद्र प्रसाद, किशोर रविदास, सुशील राम, हरीश कुमार, राम बच्चन कुमार ,इंद्रजीत कुमार ,विनोद कुमार, विश्वेश्वर कुमार, विशाल कुमार ,मनोज पासवान ,सहदेव साहू, जयकांत तिवारी, लखन कुमार ,कमलेश सिंह ,राम बच्चन कुमार, डीके गुप्ता, जमालुद्दीन, मनोहर कुमार, अर्जुन महतो मनोज दास ,अशोक कुमार ,सुरेश चंद्र रजक, निलेश चंदन,साजिद अली, हरिहर यादव ,सुदामा पंडित, गुरुचंद दास ,कन्हाई रजक ,रामू दास ,सुरेंद्र कुमार ,विष्णु यादव ,बैकुंठ कुमार,चंदवारा अध्यक्ष दिलीप वर्णवाल,मुकेश कुमार, रंजन गुप्ता,शामिल थे।

### ग्रामीण स्वास्थ्य पोषण पर एक दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ

**खूंटीः** आज सिविल सर्जन कार्यालय खूंटी में ग्रामीण स्वास्थ्य पोषण संकेत में आवश्यक सुदृढ़ीकरण हेतु एक दिवसीय बैठक सह शुभारंभ कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सिविल सर्जन डॉ नागेश्वर मांझी ने दीप प्रज्वलित कर किया। आयोजन के दौरान चाइल्ड इन नीड इंस्टीट्यूट (सीनी) संस्था के सहयोग से राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम, पोषण अभियान, आयुष्मान भारत योजना के क्रियान्वयन में सहयोग प्रदान करने के संबंध में गहन विचार विमर्श किया गया। इस दौरान सिविल सर्जन ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में उच्च जोखिम वाली गर्भवती, धात्री महिलाओं और कुपोषित बच्चों की समय पर पहचान और देखभाल करने में स्वास्थ्य विभाग पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहा है।



## घर गिरने से दो परिवारों की स्थिति दयनीय, मदद की गुहार

**संवाददाता**

**खूंटी :** जिले के कर्रा प्रखंड अंतर्गत मेहा पंचायत के कोनवा गाँव में दो परिवारों ने घर गिरने के कारण भारी नुकसान झेला है। गाँव के जागरण उरांव और किशोर तिर्की के घरों के ध्वस्त हो जाने से उनकी आर्थिक स्थिति बदतर हो गई है। ग्रामीणों के अनुसार, दोनों परिवारों के पास पहले से ही बैल, गाय और बकरियाँ थीं, लेकिन घर टूटने के बाद उन्हें इन जानवरों को बेचना पड़ा, क्योंकि रखने के लिए जगह नहीं बची।
इस आपदा के बाद परिवार के सदस्यों पत्नी, बच्चे और बुजुर्ग को पड़ोस के घरों में शरण लेनी पड़ी है। दोनों परिवार पहले से ही गरीबी और कर्ज के बोझ तले दबे हुए थे। जानवरों की बिक्री से मिली राशि भी कर्ज चुकाने में चली गई, जिससे नया घर बनाना उनके लिए नामुमकिन सा लग रहा है। अब उनकी एकमात्र उम्मीद सरकारी सहायता है।
इस मौके पर कांग्रेस पार्टी के खूंटी जिला के नेताओं ने गाँव का दौरा कर प्रभावितों से सहानुभूति जताई। जिला परिषद सह कांग्रेस उपाध्यक्ष सुशील संगा, जिला महासचिव सय्यूम अंसारी, प्रखंड अध्यक्ष संजीव प्रधान, फूलचंद खालको, आलोक रितेश, साबिर अंसारी और जीतवाहन महतो ने मौके पर पहुँचकर पीड़ित परिवारों को जल्द ही लिखित में सहायता का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि प्रशासनिक स्तर पर तुरंत कार्रवाई की जाएगी, ताकि परिवारों को फिर से आशियाना मिल सके।
ग्रामीणों ने स्थानीय प्रशासन और राज्य सरकार से मदद की अपील की है, ताकि दोनों परिवारों को पुनर्वास के लिए आवास योजना का लाभ मिल सके। साथ ही, उनके पशुधन की हानि की भरपाई और रोजगार के अवसर भी उपलब्ध कराए जाएं।

## सत्यानंद भोक्ता ने सीएम से की मुलाकात, दिशोम गुरु को दी श्रद्धांजलि



**संवाददाता**

**चतरा :** झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री सह राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश प्रधान महासचिव सत्यानंद भोक्ता सोमवार को रामगढ़ जिले के नेमरा गांव पहुंचे। जहां उन्होंने झारखंड के पुरोधा, जननायक, आदिवासी समुदाय के मुखर आवाज, झारखंड अलग राज्य आंदोलन के प्रणेता, दिशोम गुरु, झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री, पूर्व केंद्रीय मंत्री,राज्यसभा सांसद दिवंगत शिबू सोरेन को श्रद्धांजलि अर्पित किया। पूर्व मंत्री सत्यानंद भोक्ता शिबू सोरेन के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनकी आत्मा की शांति की कामना की। इसके बाद उन्होंने राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात की एवं गुरुजी के निधन पर गहरा शोक व्यक्त की। इस दौरान श्री भोक्ता ने विधायक कल्पना सोरेन एवं बसंत सोरेन से भी मुलाकात किया।

# डीसी ने की राजस्व व संबंधित विभागों की लंबित मामलों की समीक्षा

**संवाददाता**

**चतरा :** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त कीर्तिश्री की अध्यक्षता में की अध्यक्षता में जिला भू-अर्जन, परिवहन, राजस्व, राजस्व संग्रहण, अभिलेखागार, खनन, निबंधन एवं उत्पाद से संबंधित समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में उक्त सभी विभागों के जिला स्तरीय पदाधिकारी एवं संबंधित शाखाओं के प्रभारी उपस्थित रहे।बैठक के दौरान उपायुक्त ने राजस्व विभाग से जुड़े विभिन्न मुद्दों की विस्तार से समीक्षा की। इसमें प्रमुख रूप से विभिन्न परियोजनाओं हेतु भूमि हस्तांतरण एवं भूमि चिन्हितिकरण, सीए लैंड, एफआरए , एनओसी से जुड़े मामलों की अद्यतन स्थिति, एनजीडीआरएस पोर्टल (प्रतिबंधित सूची) पर प्रविष्टि हेतु सूची प्राप्त करने एवं प्रमाण पत्र निर्गत करने की प्रगति, राजस्व शिविरों में प्राप्त आवेदनों की समीक्षा, लंबित दाखिल-खारिज एवं अस्वीकृत किए गए आवेदनों की स्थिति, उत्तराधिकारी एवं आपसी बंटवारा के आवेदन, परिशोधन पोर्टल




पर लंबित मामलों का निष्पादन, ई कोर्ट के माध्यम से राजस्व न्यायालय में लंबित एवं निष्पादित मामलों का ब्योरा तथा आयोजित राजस्व न्यायालय दिवस से संबंधित समीक्षा शामिल रही।इसके अतिरिक्त भूमि-मापी से संबंधित लंबित मामलों, राजस्व शाखा के द्वारा विभिन्न कार्यालय पत्रांक से मांगे गए प्रतिवेदनों की प्रगति, जी एम भूमि के जीआईएस मैपिंग हेतु लंबित प्रकरणों एवं लंबित जाति, आय, आवासीय एवं ईडब्लूएस प्रमाण पत्रों की स्थिति की भी विस्तृत समीक्षा की गई। उपायुक्त ने संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी लंबित मामलों के निष्पादन में तेजी लाएं, निर्धारित समयसीमा में कार्रवाई सुनिश्चित करें तथा जनहित से जुड़े कार्यों में अनावश्यक विलंब न हो। उन्होंने कहा कि भूमि हस्तांतरण, प्रमाण पत्र निर्गत एवं दाखिल-खारिज जैसे कार्य सीधे जनता के जीवन और अधिकारों से जुड़े होते हैं, अतः इनकी प्राथमिकता के साथ निष्पादन किया जाए।
बैठक में उपस्थित अधिकारियों ने अपने-अपने विभाग से जुड़े कार्यों की अद्यतन जानकारी प्रस्तुत की तथा समस्याओं एवं अड़चनों से उपायुक्त को अवगत कराया। उपायुक्त ने इन समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। बैठक का समापन सभी विभागीय पदाधिकारियों को उनके-उनके दायित्वों की पुनः याद दिलाते हुए और जनहित में संवेदनशील व तत्पर रहने के निर्देशों के साथ हुआ।बैठक में अपर समाहर्ता अरविंद कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी जहूर आलम, जिला भू अर्जन पदाधिकारी वैभव कुमार सिंह, जिला खनन पदाधिकारी मनोज टोप्पो, सभी अंचल अधिकारी एवं सभी संबंधित विभाग के पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

# साहिल हत्याकांडः पुलिस ने पूर्व पार्षद असलम को किया गिरफ्तार

मेट्रो रेज

**रांची :** हिंदपीढ़ी के चर्चित मामले साहिल हत्याकांड में रांची पुलिस ने कार्रवाई करते हुए पूर्व पार्षद असलम को गिरफ्तार किया है। पूर्व पार्षद असलम को मंगलवार बेल मिलते ही रांची पुलिस ने यह कार्रवाई की। इसकी पुष्टि रांची के सिटी एसपी अजीत कुमार ने की। उन्होंने कहा कि हिंदपीढ़ी में बीते दिन रविवार को हुए साहिल हत्याकांड में असलम का नाम आया था।



**दो दिन पूर्व साहिल की हुई थी हत्या:** हिंदपीढ़ी के भट्टी चौक के पास साहिल उर्फ कुरकुरे की गोली मारकर हत्या हुई थी। इस मामले में आक्रोशित लोगों ने पूर्व पार्षद असलम के कार्यालय में और अरमान के घर में तोड़फोड़ किया था। साहिल की मां ने पूर्व पार्षद असलम और उसके भाई आशिफ पर हत्या का आरोप लगाया था। वहीं, अरमान नाम के युवक पर गोली मारने का आरोप है। अरमान ने साहिल को फोनकर भट्टी चौक के पास बुलाया था।

**छेड़खानी मामले में हिंदपीढ़ी थाने में दर्ज हुआ था केस:** पूर्व पार्षद मो असलम ने सीजेएम की अदालत में सरेंडर किया था। इससे पूर्व मो असलम ने अपने भाई आसिफ, दिलावर उर्फ मुन्ना, राजू तथा आठ-दस अज्ञात युवकों के साथ मिलकर 22 जनवरी 2025 को अप्पू उर्फ इरशाद पर जानलेवा हमला किया था। असलम के भाई आसिफ एक लड़की से छेड़छाड़ कर रहा था, जिसका विरोध अप्पू ने किया था। इस संबंध में पीड़ित के पिता मो कलीम ने हिंदपीढ़ी थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी थी।

## महिला ने की आत्महत्या

**जामताड़ाः** एक सनसनीखेज घटना की खबर सामने आई है, जहां एक 30 वर्षीय महिला ने धारदार हथियार से अपना गला रेत जान देने का प्रयास किया। बताया जा रहा है कि महिला ने कुछ दिन पहले ही एक बच्चे को जन्म दिया है। मिली जानकारी के अनुसार, घटना मिहिजाम थाना क्षेत्र के महुलबना गांव की है। घायल महिला की पहचान चांदमुनि हांसदा के रूप में हुई है। कुछ दिन पहले महिला ने एक बच्चे को जन्म दिया और रविवार को अस्पताल से डिस्चार्ज होकर बच्चे के साथ घर लौटी।

# आजसू ने रांची विश्वविद्यालय के नवनियुक्त कुलपति का किया स्वागत

मेट्रो रेज

रांचीः अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) का एक प्रतिनिधि मंडल रांची विश्विद्यालय के कुलपति से मुलाकात कर उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया। कुलपति महोदय को छात्र हित एवं विश्विद्यालय हित काम करने की बात कही । इस अवसर पर मुख्य रूप से प्रदेश अध्यक्ष ओम वर्मा, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष बबलू महतो, प्रदेश वरीय उपाध्यक्ष ऋतुराज शहदेव,प्रताप सिंह,सौरभ शर्मा, राजेश सिंह, गौरभ सिंह रवि रोशन, प्रशांत महतो,अमन साहू, विद्यानंद राय , योगेश महतो, शिवम कुमार,नितेश शर्मा व अन्य उपस्थित थे।



# रामटहल और जय प्रकाश के नेतृत्व में कुरमी- कोइरी लड़ेंगे अपने हक की लड़ाई



मेट्रो रेज

**रांचीः** कोइरी - कुरमी महासभा , झारखंड प्रदेश की एक बैठक विधानसभा अतिथि भवन में पूर्व विधायक प्रो जय प्रकाश वर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुई । बैठक में मुख्य रूप से झारखंड के कोइरी झ कुरमी की एकता पर बल दिया गया। कोइरी - कुरमी एक समान स्वभाव वाले कृषक समाज के लोग हैं, आज भी विकास के लिए संघर्ष कर रहे हैं। सदैव इनकी उपेक्षा की गई है उनके हक अधिकार छीने जा रहे हैं, इन विषयों पर गंभीरता से मंथन करते हुए कोइरी - कुरमी एक होकर अपने हक अधिकार और सम्मान के लिए संघर्ष करेंगे । इस निमित्त एक सम्मेलन रांची में पूर्व सांसद रामटहल चौधरी एवं पूर्व विधायक प्रो। जय प्रकाश वर्मा के संयुक्त नेतृत्व में आयोजित करने का निर्णय लिया गया । मौके पर विजय महतो, लालचंद महतो, उपेंद्र नारायण सिंह, संजय कुशवाहा, उपेंद्र कुशवाहा, प्रो। विवेकानंद कुशवाहा, अशोक सिन्हा, महावीर कुर्मी, मनोज कुशवाहा, महेश्वर चौधरी, अजय दांगी सहित अन्य लोग उपस्थित थे ।

## मंदिर में चोरी

**जमशेदपुरः** पूर्वी सिंहभूम जिले में हनुमान वाटिका मंदिर से सामान चुराने और पिछले महीने जुलाई में चुराए गए सामान को खरीदने के आरोप में सोमवार को एक युवती सहित 2 लोगों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) ऋषभ गर्ग ने संवाददाता सम्मेलन में बताया कि इस संबंध में 20 जुलाई को मामला दर्ज होने के बाद जांच के लिए पुलिस की एक टीम गठित की गई थी। पुलिस अधीक्षक (एसपी) ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज खंगालने पर पुलिस टीम ने पाया कि 20 जुलाई को तड़के तीन बजकर 10 मिनट पर दो पहिया वाहन पर सवार दो व्यक्ति नरसिंहगढ़ गांव स्थित मंदिर पहुंचे। उन्होंने मंदिर के दरवाजे पर टंगी एक घंटी, वहां से चार प्लेट, एक लैंप सहित अन्य सामान चुरा लिया। पुलिस ने इस संबंध में मानगो के जवाहर नगर निवासी एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया। गर्ग ने बताया कि पूछताछ के दौरान आरोपी द्वारा दी गई जानकारी के आधार पर पुलिस ने 20 वर्षीय युवती की दुकान से वह सामान बरामद कर लिया जो मंदिर से चोरी किया गया था।

# नेमरा में श्रीकृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट की ओर से दिशोम गुरु को दी गयी श्रद्धांजलि

मेट्रो रेज

**नेमरा/ रांचीः** श्रीकृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट के सचिव मनोज चौधरी एवं कोषाध्यक्ष सज्जन पाड़िया नेमरा गांव पहुंचकर झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री एवं दिशोम गुरुजी दिवंगत शिबू सोरेन के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस दौरान उन्होंने ट्रस्ट की ओर से गहरी शोक संवेदना व्यक्त करते हुए गुरुजी के निधन को राष्ट्र, समाज एवं आदिवासी समुदाय के लिए अपूरणीय क्षति बताया।श्रद्धांजलि अर्पण के पश्चात ट्रस्ट प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को व्यक्तिगत रूप से शोक संदेश पत्र सौंपा तथा उनके दुख की इस घड़ी में परिवार के साथ संवेदना व्यक्त की। उन्होंने कहा कि शिबू सोरेन केवल एक राजनेता नहीं, बल्कि जनजातीय चेतना, न्याय और सामाजिक संघर्ष के प्रतीक थे। उन्होंने जन-जन की आवाज को संसद और सड़कों पर मुखर किया, जिससे आदिवासी समाज को नई पहचान मिली।इस अवसर पर सचिव श्री चौधरी ने कहा, दिशोम गुरुजी का जीवन संघर्षशील रहा है। वे सादा जीवन, उच्च विचार और लोकहित को समर्पित रहे। वहीं कोषाध्यक्ष श्री पाड़िया ने कहा कि उनकी स्मृति सदा प्रेरणास्त्रोत बनी रहेगी।



# डीएवी सरला स्कूल में धूमधाम व उत्साह से मनाई गई जन्माष्टमी

मेट्रो रेज

**रांचीः** डीएवी सरला स्कूल में आज जन्माष्टमी का पर्व बड़े उत्साह और भक्ति के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकों ने बच्चों को भगवान श्रीकृष्ण एवं राधा के जीवन से जुड़ी रोचक और प्रेरणादायक कहानियां सुनाईं, जिन्हें बच्चों ने बड़े ध्यान से सुना।

कार्यक्रम के दौरान नन्हे-मुन्ने बच्चे श्रीकृष्ण एवं बच्चियां राधा की वेशभूषा में नजर आए। पीतांबर, मोरपंख, बांसुरी और मुकुट से सजे ये छोटे-छोटे कृष्ण एवं राधा सबका ध्यान आकर्षित कर रहे थे। बच्चों ने भक्ति गीत गाए और नृत्य प्रस्तुत किए, जिससे वातावरण आनंद और भक्ति से भर गया।बच्चों के अभिभावक भी उत्साहित थे।



विद्यालय के प्राचार्य मेहुल दुबे ने कहा, जन्माष्टमी जैसे सांस्कृतिक पर्व न केवल बच्चों को भारतीय परंपरा और मूल्यों से जोड़ते हैं, बल्कि उनके भीतर अनुशासन, नैतिकता और सामाजिक समरसता की भावना भी पैदा करते हैं। ऐसे अवसर बच्चों को अपनी प्रतिभा और रचनात्मकता दिखाने का अवसर देते हैं और साथ ही उन्हें यह सिखाते हैं कि कैसे परंपराएं हमें जोड़कर रखती हैं। हमें गर्व है कि हमारे नन्हे विद्यार्थी इतनी मासूमियत, लगन और उत्साह के साथ इस पावन अवसर में भाग ले रहे हैं। यह केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि शिक्षा और संस्कार का माध्यम है।

विद्यालय की शिक्षिका आरती मिंज, मेघा बाखला एवं महिमा सिंह के सहयोग से जन्माष्टमी का उत्सव धूमधाम एवं उत्साहपूर्वक आयोजित किया गया।

# कलाकृति स्कूल ऑफ आर्ट्स में स्वतंत्रता पर्व का आयोजन



**रांचीः** कलाकृति स्कूल ऑफ आर्ट्स डोरंडा केंद्र और कलाकृति आर्ट फाउंडेशन के तत्वावधान में आजादी के 79वें सालगिरह के उपलक्ष्य पर स्वतंत्रता पर्व का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रवाजलित कर किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अमरदीप यादव एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष शशांक राज, भारतीय सेना के मेजर दीपक यादव , एनआईबी वं संस्था के मनोज कुमार गुप्ता एवं अदनान ट्रेवल के मोहमद कलम उपस्थित थें।` इस अवसर पर आयोजित चित्रकला प्रदर्शनी में 200 से ऑपरेशन सिदूर एवं देश भक्ति आधारित 200 से अधिक पेंटिंग्स को प्रदर्शित किया गया था। कार्यक्रम का संचालन हर्षिता, विवान एवं साइना ने किया।

इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम में आज नृत्य, संगीत, फैंसी ड्रेस एवं इंस्ट्रूमेंट प्ले की प्रस्तुति दी गयी। विवान शौर्य ने कश्मीर पे आधारित कविता से सबको मंत्रमुघ कर दिया। कार्यक्रम में कार्तिक, संजना, इराशिका, कियाशिका एवं अन्य ने देश भक्ति गीत पर नृत्य पेश किया। फैंसी ड्रेस में बच्चों ने भगत सिंह , बिरसा मुंडा, सुभाष चन्द्र बोस, झासी की रानी आदि बन सब को मन्त्र मुग्ध कर दिया । इस अवसर पर संस्था के द्वारा विजेताओं को पुरस्कृत भी किया गया।

**उत्तर पश्चिम रेलवे**

**ई–निविदा सूचना**

मुख्य परियोजना प्रबन्धक (जीएसयू), उत्तर–पश्चिम रेलवे, अजमेर द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से नीचे दिये गये कार्यों के लिए दी गई तिथि को 15:00 बजे तक ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा संख्या : SNT-GSU-All-2025-26-05 कार्य का नाम : S&T work in connection with- "Ranapratap Nagar - Provision of additional 02 passenger paltform lines by converting existing goods shed at Ranapratap Nagar station in All-COR section of Ajmer Division." अनुमानित लागत : रू. 3,42,06,617.25/- बयाना राशि : रू. 3,21,100.00/- ई निविदायें बन्द होने की तिथि व समय –04.09.2025 को 15.00 बजे ई निविदायें खोलने की तिथि व समय – 04.09.2025 को 15.30 बजे उपरोक्त ई निविदा की विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाइट का पता – www.ireps.gov.in

1005-DR/25

NWRailways NWRailways_

# मंईयां सम्मान योजना:10 दिन बाद ही फिर से खाते में आ गये 2500 रुपये

**रांचीः** झारखंड सरकार की महत्वाकांक्षी मंईयां सम्मान योजना की लाभुक महिलाओं के चेहरे एक बार फिर खुशी से खिल उठे हैं। केवल 10 दिन बाद ही लाभुकों के खाते में एक और किस्त के रूप में 2500 रुपये आ गये हैं। राजधानी रांची की लाभुक महिलाओं के खाते में आज मंगलवार से योजना की राशि 2500 रुपये आने शुरू हो गये हैं। जल्द ही सभी लाभुकों के खाते में योजना की राशि पहुंच जायेगी।




मालूम हो इससे पूर्व 31 जुलाई को लाभुकों के खाते में योजना के तहत जून माह की राशि 2500 भेजे गये थे। रांची जिले के कुल 3,85,751 लाभुकों को योजना की राशि उनके बैंक खातों में भेजी गयी थी। कुल 115 करोड़ 7 लाख 12 हजार 500 रुपये लाभुकों के खाते में हस्तांतरित किये गये थे। मालूम हो मंईयां सम्मान योजना झारखंड सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजना है। इसका लाभ 18-50 वर्ष की महिलाओं को ही मिलता है। इस योजना के तहत हर माह लाभुक महिलाओं को 2500 रुपये की राशि दी जाती है। योजना की शुरूआत में यह राशि केवल 1000 रुपये ही थी, लेकिन विधानसभा चुनाव 2025 से पूर्व इस राशि को बढ़ाकर 2500 रुपये कर दिया गया।

**वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, राँची**

**सर्वसाधारण के लिए सूचना**



नाम परीना खातून, उम्र करीब–19 वर्ष, रंग–सॉवला, ऊँचाई–05 फीट पहनावा–पीला रंग का सलवार सूट पहनी हुई है।

उपरोक्त लापता महिला परीना खातून, उम्र–19 वर्ष, लुकमान अंसारी, ग्राम–चोड़ा, थाना–चान्हो, जिला–राँची जो दिनांक–09.07.2025 को अपने घर से सिलाई सेन्टर को कहकर निकली जो आजतक अपने घर वापस नहीं आई है। जिसके संबंध में चान्हो थाना सनहा संख्या–10/2025, दिनांक–23.07.2025 दर्ज कर खोजबीन की जा रही है। उपरोक्त सूचना को सार्वजनिक किया जाना आवश्यक है।

अतः सभी जनसाधारण से अनुरोध है कि यदि उपरोक्त लापता महिला कहीं मिलती/दिखती है तो इसके संबंध में वरीय पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।

Email ID (mc-dcb@jhpolice.gov.in)
पुलिस उपाधीक्षक, खलारी, राँची। – 9431742777
थाना प्रभारी चान्हो, राँची। – 9431706184

पुलिस उप–महानिरीक्षक–सह–वरीय पुलिस अधीक्षक, राँची

PR 359361 Police (25-26)_D

# एचइसी सप्लाई कर्मी चलायेंगे जनसंपर्क अभियान 15 अगस्त को मुख्यालय के सामने फहरायेंगे तिरंगा

संवाददाता

**रांचीः** एचइसी में आउटसोर्सिंग एजेंसी का विरोध कर रहे सप्लाई कर्मियों का आंदोलन सोमवार को 42वें दिन भी जारी रहा। कर्मियों ने नेहरू पार्क से एचइसी मुख्यालय तक जुलूस निकाला, प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी और सभा की। सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा- प्रबंधन से हमारी कोई मांग नहीं है। प्रबंधन आउटसोर्सिंग एजेंसी की निविदा निकालने के पहले समिति के सदस्यों से बातचीत करती, तो आज कंपनी का उत्पादन बाधित नहीं होता। सप्लाई कर्मियों को लेकर प्रबंधन की नीयत साफ नहीं है। प्रबंधन सप्लाई कर्मियों को दिहाड़ी मजदूर के तौर पर देखता है। प्रबंधन जल्द से जल्द मांगों का समाधान निकाले, अन्यथा स्थिति और बिगड़ेगी।




सभा के दौरान घोषणा की गयी कि एचइसी सप्लाई संघर्ष समिति के प्रतिनिधि मंगलवार से एचइसी आवासीय परिसर, नयासराय, सीटीओ बस्ती, हटिया बस्ती में जनसंपर्क अभियान चलायेंगे। वहीं, जो कुछ कामगार काम पर जा रहे हैं, उन्हें जागरूक किया जायेगा और उन्हें वस्तु स्थिति की जानकारी दी जायेगी। साथ ही 15 अगस्त को सप्लाई संघर्ष समिति एचइसी मुख्यालय के समक्ष झंडोत्तोलन करेंगे। एचइसी के श्रमिक संगठन प्रबंधन से मिलकर आंदोलन को दबाना चाहते हैं, लेकिन उनकी मनसा कभी पूरी नहीं होगी। सभा को दिलीप सिंह, रंथू लोहरा, मनोज पाठक, राजेश शर्मा, वाइ त्रिपाठी, उवैस आजाद, मोइन अंसारी, सुनील कुमार, प्रमोद कुमार, शारदा देवी, प्रेम प्रकाश शाहदेव, विकास शाहदेव ने भी संबोधित किया।

एचइसी परिसर से हटेगा अवैध निर्माणः एचइसी नगर प्रशासन विभाग द्वारा आवासीय परिसर से अवैध निर्माण हटाया जायेगा। इसको लेकर प्रबंधन ने सर्वे कराया है। विभाग के अधिकारी ने बताया कि इसके लिए जिला प्रशासन से संपर्क किया गया है। मजिस्ट्रेट और पुलिस बल मुहैया कराने पर अवैध निर्माण तोड़ा जायेगा। अभियान के तहत सर्वप्रथम शालीमार बाजार से एचइसी पारस अस्पताल रोड, बिरसा चौक से डीपीएस की ओर जानेवाली सड़क के किनारे से अवैध निर्माण हटाया जायेगा। अधिकारी ने बताया कि इन दोनों जगहों पर प्रतिदिन वीआइपी मूवमेंट होती है और काफी संख्या में लोगों ने इन क्षेत्रों में कच्चा व पक्का मकान बना लिया है।

## सूक्ति

मनुष्य को चाहिए कि वह परिस्थितियों से लड़े, एक स्वप्न टूटे तो दूसरा गढ़े:
अटल बिहारी वाजपेय

## बहानेबाजी की इंतहा

**देश** के चुनाव आयोग ने सुप्रीम कोर्ट को सूचित किया है कि कानूनन चुनाव निकाय को मसौदा मतदाता सूची से गायब लोगों के नामों की अलग से सूची तैयार करने/साझा करने या किसी भी कारण उनके नाम न शामिल करने के कारणों को प्रकाशित करने की जरूरत नहीं है। अदालत को गुमराह करने के लिए याचिकाकर्ता के खिलाफ अवमानना कार्रवाई का आग्रह करते हुए आयोग ने पूरक हलफनामे के साथ दायर अन्य जवाब में कहा, अधिकार के तौर पर वे ऐसी कोई सूची नहीं मांग सकते। अपने मामले की पुष्टि के लिए आयोग ने जनप्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 तथा मतदाता पंजीकरण नियम 1960 के नियम 10 व 11 का हवाला दिया। बिहार में इस विवादित मसौदा सूची में 7.24 करोड़. मतदाताओं के नाम शामिल हैं, जिसमें पैंसठ लाख से ज्यादा मतदाताओं के नाम हटाए जाने पर विवाद है। आयोग का दावा है कि वे या तो मर चुके हैं या पलायन कर चुके हैं। हालांकि इस दावे का आधार बहुत सतही मालूम पड़ता है। याचिकाकर्ता गैरझ्रसरकारी संगठन द्वारा इन गैर मौजूद नामों की सूची कारण के साथ उपलब्ध कराने की मांग के बाद आयोग ने अपना जवाब दाखिल किया। आयोग का कहना है,उसने अपने दायित्व कानून के दायरे में पूरे किये और नियमानुसार निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी को मसौदा सूची की प्रति उपलब्ध कर दी। साथ ही प्रत्येक मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल को सूची की दो प्रतियां प्रदान करने की व्यवस्था भी है। आयोग के अनुसार छूटे नामों वाले मतदाता बूथस्तरीय एजेंटों व अन्य माध्यमों से संपर्क कर सकते हैं, परंतु सवाल है कि जो मतदाता वास्तव में दूर- दराज या राज्य से बाहर हैं, वे अपना नाम सूची में जांचने के लिए बारंबार लौट नहीं सकते। हालांकि आयोग ने पहली सितम्बर तक दावा या आपत्तियां दर्ज कराने का समय दिया है, परंतु यह आश्रितों, कमजोर आयवर्ग वालों व अशिक्षितों के लिए मात्र रस्म अदायगी लग रहा है। बड़ी संख्या में अप्रवासी मजदूरों से मतदाता सूची में नाम शामिल करवाने के लिए लौटना ज्यादा ही आशा करने सरीखा है। हैरत है आधारकार्ड/पैन व जन्म- मृत्यु प्रमाणपत्रों को आवश्यक बताए जाने के बावजूद संबंधित विभागों से संपर्क करने जैसी व्यवस्थाएं करने में सरकारें और अफसरशाही बुरी तरह असफल हैं। आरोपोंझ्रप्रत्यारोपों के दरम्यान यह केंद्र का जिम्मा है कि वह ऐसे ठोस पहचानझ्रपत्र की व्यवस्था करे जिसमें नागरिकों की संपूर्ण जानकारी उपलब्ध हो सके।

## ग्राहकों को जोर का झटका

**आईसीआईसीआई बैंक**, भारत के दूसरे सबसे बड़े. निजी बैंक ने एक अगस्त या उसके बाद खोले जाने वाले नये बचत बैंक खातों के लिए न्यूनतम शेष राशि की अनिवार्यता पांच गुना बढ़ाकर कर 50 हजार रुपये कर दी है। आईसीआईसीआई बैंक के ग्राहकों के लिए 31 जुलाई 2025 तक बचत बैंक खातों में न्यूनतम मासिक औसत शेष राशि (एमएबी) 10 हजार रुपये थी। बैंक की वेबसाइट पर उपलब्ध जानकारी के मुताबिक,अर्ध-शहरी इलाकों में यह सीमा 25 हजार और ग्रामीण इलाकों में 10 हजार रुपये कर दी गई है। अलबत्ता, एक अगस्त से पहले खोले गए बचत खातों पर यह नियम लागू नहीं होगा। वेतन खातों, प्रधानमंत्री जनधन खातों और बेसिक सेविंग्स बैंक डिपॉजिट अकाउंट धारकों को इस नियम से छूट मिलेगी क्योंकि ये सभी जीरो बैलेंस खाते हैं। इसके अलावा,वेतनभोगियों को भी बढ़े शुल्कों से छूट मिलती रहेगी। अरसे से बैंक में न्यूनतम राशि बनाए रखने को लेकर बैंक सेवाभोगियों की शिकायत जब- तब उठती रही है। इस बाबत केंद्रीय बैंक भारतीय रिजर्व बैंक के बैंक सेवा प्रभाग में शिकायतें भी पहुंचीं। कहा गया कि न्यूनतम राशि खाते में बनाए रखने के नाम पर ग्राहकों को बेजा परेशान किया जाता है। मामले ने तूल पकड़ा तो कुछ बैंकों ने इस अनिवार्यता को या तो शिथिल कर दिया है या बिल्कुल ही खत्म कर दिया। स्टेट बैंक ने सबसे पहले इस दिशा में कदम उठाते हुए 2020 में न्यूनतम राशि की सीमा को खत्म कर दिया था। बाद में यूनियन बैंक ऑफ इंड़िया और बैंक ऑफ बड़ौदा ने भी यह अनिवार्यता समाप्त कर दी। इंड़ियन बैंक ने भी हाल में 7 जुलाई 2025 को न्यूनतम राशि रखने की अनिवार्यता को समाप्त किया है। दरअसल, इस बात को समझा जाना जरूरी है कि बैंक ग्राहक हितैषी सेवा प्रदान करें। ऐसा न हो कि बैंकिंग सेवा ग्राहकों के लिए अप्रिय अनुभव साबित होने लगे। देश में बैंकिंग हैबिट पैदा करने के लिए बैंकों को खासी जद्दोजेहद करनी पड़ी है। लोग बैंकों में पहुंचने लगे हैं तो यह नहीं होना चाहिए कि उनसे धन निकासी की मासिक सीमा तय करके और न्यूनतम राशि बनाए रखने के नाम पर अप्रिय फैसले थोपे जाएं। जरूरी है कि बैंकिंग को आम जन के लिए खुशनुमा अनुभव बनाया जाए। आईसीआईसीआई की एमएबी में पांच गुना की बढ़ोतरी यकीनन अप्रिय और अनुचित कही जाएगी।

# सरकार की दृढ़ता और राष्ट्रीय हितों की रक्षा

आज भारत के लिए लैटिन अमेरिकी देशों सहित अन्य देशों के साथ अपने व्यापार में विविधता लाने का एक अवसर भी है। भारत को अपने दृढ़ रुख पर अडिग रहना चाहिए। व्यापार पारस्परिक लाभ के लिए है और अमेरिका कोई एहसान नहीं कर रहा है क्योंकि आयात उसकी घरेलू मांगों को पूरा करने के लिए है और 25 प्रतिशत का आयात शुल्क उसके अपने नागरिकों के लिए मुद्रास्फीति ही बढ़ाएगा। इसलिए भारत के लिए यह अल्पकालिक नुकसान हो सकता है, लेकिन यह अमेरिका से आयात की जा रही कई वस्तुओं पर आत्मनिर्भरता का अवसर प्रदान करेगा। आज जरूरत इस बात की है कि हम विस्तारित ब्रिक्स देशों और वैश्विक दक्षिण में अपने व्यापार में विविधता को बड़ा कर नए बाजारों की तलाश भी जारी रखें।

**डा. अश्विनी महाजन**

**अमेरिकी** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारतीय आयातों पर अतिरिक्त 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने वाले एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए हैं, जिससे कुल टैरिफ अब 50 प्रतिशत हो गया है। राष्ट्रपति ट्रंप का यह कहना है कि यह कदम भारत द्वारा रूसी तेल की निरंतर खरीद के जवाब में उठाया गया है। इसके साथ ही भारत अमेरिका के सबसे अधिक कर वाले व्यापारिक साझेदारों में से एक बन गया है। अतिरिक्त 25 प्रतिशत टैरिफ 27 अगस्त, 2025 से प्रभावी होगा। इस वृद्धि से अमेरिका को 40 अरब डॉलर से ज्यादा मूल्य के भारतीय निर्यात प्रभावित होंगे, जिनमें ऑटो पार्ट्स, कपड़ा और परिधान, इलेक्ट्रॉनिक्स, इस्पात और रसायन, आभूषण और समुद्री खाद्य आदि शामिल हैं। कुछ क्षेत्रों को टैरिफ वृद्धि से छूट भी दी गई है, जिनमें शामिल हैं, फार्मास्युटिकल्स, तैयार इलेक्ट्रॉनिक्स, जैसे स्मार्टफोन और लैपटॉप, सेमीकंडक्टर, ऊर्जा उत्पाद जैसे तेल, गैस और एलएनजी, तांबा इत्यादि। यदि अमेरिकी टैरिफ प्रभाव डालेंगे भी, तब भी अमरीका को भारत का निर्यात अधिकतम 5.7 अरब डॉलर ही गिरेगा। लेकिन आर्थिक विश्लेषकों का मानना है कि 2022 और 2024 के बीच भारत को रूस से तेल आयात कर-के 33 अरब डॉलर का फायदा हुआ। यानी यदि नफा नुकसान देखें तो भारत को रूस से तेल आयात से इतना फायदा है कि उसे अमेरिकी टैरिफ की परवाह करने की जरूरत नहीं। इस बीच ट्रंप ने चीन सहित रूसी तेल खरीदने वाले अन्य देशों पर संभावित द्वितीयक प्रतिबंध लगाने का भी संकेत दिया है। समझना होगा कि अमेरिका का टैरिफ बढ़ाने का निर्णय डब्लूटीओ के नियमों का सीधा-सीधा उल्लंघन है। इससे पहले जुलाई 30, 2025 को राष्ट्रपति ट्रंप ने रूस के साथ भारत के व्यापारिक संबंधों का हवाला देते हुए, 25 प्रतिशत टैरिफ के अलावा, अनिर्दिष्ट दंड लगाने की भी घोषणा की थी। उन्होंने यह कहा कि भारत रूस से प्रतिरक्षा हथियार और कच्चा तेल खरीद रहा है, इसलिए उसे दंड के रूप में ज्यादा टैरिफ का सामना करना पड़ेगा। वास्तविकता यह है कि भारत स्वाभाविक रूप से रक्षा उत्पादन में आत्मनिर्भरता बढ़ाने के लिए रक्षा उपकरण खरीदने और जहां से भी कच्चा तेल मिले, उसे सबसे सस्ते दामों पर खरीदने के लिए प्रतिबद्ध है, ताकि घरेलू मुद्रास्फीति पर नियंत्रण बना रहे। इस बीच भारत सरकार की प्रतिक्रिया से स्पष्ट है कि अगर अमेरिका सोचता है कि वह इस तरह की धमकियां देकर हमारे देश को दबा सकता है, तो उसे अपनी रणनीति में बदलाव करने की जरूरत है। आज का भारत एक दशक पहले जैसा भारत नहीं है। हम हथियार उत्पादन में एक वैश्विक शक्ति के रूप में उभर रहे हैं, हमने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान दुनिया को दिखा दिया है कि हम सामरिक दृष्टि से आत्मनिर्भर हैं।

अमेरिका को समझना होगा कि विश्व अब एकध्रुवीय नहीं रह गया है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि अमेरिका ने ऐसे समय में एक रणनीतिक साझेदार के खिलाफ दंडात्मक कदम उठाने का फैसला किया है जब अमेरिका समेत पूरी दुनिया को चीन द्वारा व्यापार और वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं के हथियारीकरण से उत्पन्न कहीं अधिक बड़ी चुनौती का सामूहिक रूप से जवाब देने की जरूरत है । दुर्लभ मृदा निर्यात पर बीजिंग के प्रतिबंधों ने दुनिया भर में विनिर्माण क्षमताओं को खतरे में डाल दिया है। यही समय है कि अमेरिका और भारत वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं के क्षेत्र में सहयोग को बढ़ावा देकर इस समस्या का समाधान करने के लिए हाथ मिलाएं। भारत सरकार वास्तव में बधाई की पात्र है कि भारत- अमेरिका मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) वार्ता के दौरान दबाव के बावजूद दृढ़ता से खड़ी है। पारस्परिक शुल्कों की धमकियों और 9 जुलाई और 31 जुलाई की समय सीमा चूक जाने के बावजूद, भारतीय वाताकारों ने आनुवंशिक रूप से संशोधित (जीएम) कृषि उत्पादो, डेयरी आयात और अन्य संवेदनशील क्षेत्रों के लिए हमारे बाजारों को जबरन खोलने के प्रयासों का सही ढंग से विरोध किया है। यह उल्लेखनीय है कि अमरीका दुनिया भर के देशों पर (डब्लयूटीओ के नियमों के विरुद्ध) दबाव बना रहा है कि वे अपने-अपने देशों में अमरीका से आने वाले सामानों पर शुल्क कम करें। हाल के दिनों में, जब राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा पारस्परिक टैरिफ लगाए जाने के बाद, भारत- अमेरिका व्यापार वार्ता में तेजी आई थी और रिपोट्र्स में तेज गति से बातचीत के संकेत मिल रहे थे, ट्रंप का यह बयान कि भारत के साथ अभी भी कोई समझौता नहीं हुआ है, इस बात का प्रमाण है कि भारत अमरीका के दबाव का सफलतापूर्वक सामना कर रहा है। भारत-अमरीका मुक्त व्यापार समझौते पर 2017 से ही चर्चा चल रही है। लेकिन अभी तक यह समझौता सिरे नहीं चढ़ पाया है, यहां तक कि सीमित स्तर पर भी नहीं। कई बार यह समझौता लगभग तय लग रहा था, लेकिन अचानक कुछ रुकावटें आ गईं और बातचीत ठंडे बस्ते में चली गई। आखिरी बार ऐसा 2020 में हुआ था। मीडिया में खबरें आ रही थीं कि भारत- अमेरिका मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर होने वाले हैं, लेकिन तब भी भारत ने दबाव का विरोध किया और संयुक्त राज्य अमरीका के व्यापार प्रतिनिधि (यूएसटीआर) को अपना भारत दौरा रद्द करना पड़ा। मौजूदा वाताओं में अमरीका मांग कर रहा है कि भारत उसकी जीएम फसलों के लिए बाजार पहुंच दे, चिकित्सा उपकरणों पर नियमों में ढील दी जाए और डेटा के मुक्त प्रवाह की अनुमति दी जाए।

वास्तविकता यह है कि भारत अपने किसानों और कृषि सुरक्षा के मद्देनजर जीएम के आयात की अनुमति नहीं दे सकता और न ही अपने चिकित्सा उपकरण उद्योग के विरुद्ध अमेरिका की नियमों में ढील को स्वीकार कर सकता है। संवेदनशील डेटा संप्रभु देश के नियंत्रण में ही रहना चाहिए, जो हमारे दीर्घकालिक राष्ट्रीय हित के साथ जुड़ा हुआ है। भारत ने इस्पात, ऑटोमोबाइल और दवा शुल्कों से छूट की वैध मांग की है और डेटा स्थानीयकरण की अपनी नीति का बचाव किया है। हमें समझना होगा कि व्यापार समझौता हो या न हो, अमेरिका को भारतीय निर्यात पारस्परिक आर्थिक लाभ के आधार पर जारी रहेगा ही। हमें ऐसी रियायतों से बचना चाहिए जो हमारे किसानों, लघु उद्योगों या दीर्घकालिक आर्थिक आत्मनिर्भरता को कमजोर करती हैं। हाल के वर्षों के अनुभव से पता चला है कि भारत अपने मूल हितों से समझौता किए बिना, वैश्विक व्यापार पैटर्न में बदलाव का लाभ उठा सकता है, जिसमें अमरीका-चीन तनाव के कारण उत्पन्न परिवर्तन भी शामिल हैं। यह उल्लेखनीय है कि अब टैरिफ का निर्धारण विश्व व्यापार संगठन द्वारा अमेरिका के लिए निर्धारित दरों के आधार पर नहीं, बल्कि राष्ट्रपति ट्रंप की मनमर्जी, तथाकथित पारस्परिकता के विचार या अनैतिक रूप से गैर-व्यापारिक मुद्दों का हवाला देकर किया जा रहा है।

# बढ़ता खाद्य प्रसंस्करण बाजार

निसंदेह इस समय भारत खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में नवाचार, स्थिरता और सुरक्षा के वैश्विक मानक स्थापित कर रहा है। पिछले 10 वर्षों के दौरान, भारत ने खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में बदलाव लाने के लिए व्यापक सुधार शुरू किए हैं। भारत खाद्य प्रसंस्करण में 100 प्रतिशत प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई), प्रधानमंत्री किसान संपदा योजना, सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यमों का औपचारिकरण, खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों के लिए उत्पादन आधारित प्रोत्साहन योजना जैसी बहुआयामी पहलों के माध्यम से पौष्टिक दुनिया के निर्माण के सपने को साकार करने की दिशा में तेजी से कदम बढ़ा रहा है।

**डा. जयंतीलाल भंडारी**

**इस** समय देश में लोगों की बढ़ती हुई आमदनी, शहरीकरण के कारण बदलती जीवनशैली और खान-पान की आदतों में बड़े परिवर्तन के कारण भारत के खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र का बाजार आकार तेजी से बढ़ रहा है। हाल ही में डेलायट और फिक्की के द्वारा खाद्य प्रसंस्करण उद्योग पर एक रिपोर्ट जारी की गई है। रिपोर्ट के मुताबिक देश में परिवारों के खाद्य बजट का वर्ष 2000-01 में अनाज और दालों पर 40 फीसदी खर्च किया जाता था, वह वर्ष 2023-24 में घटकर महज 14 फीसदी पर पहुंच गया है। देश में खान-पान तो लगभग हर आय वर्ग का बदला है, लेकिन शहरी संपन्न वर्ग अब अपने मासिक खाद्य बजट का लगभग 50 प्रतिशत हिस्सा पैकेज्ड फूड, बाहर खाने और डिलीवरी पर खर्च कर रहा है। ग्रामीण भारत में भी इसी तरह का बदलाव दिख रहा है। ग्रामीण खपत अनाज से पेय पदार्थों और प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों की ओर बढ़ रही है। निश्चित रूप से लगातार तेजी से बढ़ते खाद्यान्न उत्पादन और लोगों की खान-पान शैली में बड़े बदलाव के कारण देश में खाद्य प्रसंस्करण उद्योग तेजी से बढ़ रहा है। रिजर्व बैंक के अनुमान के अनुसार कृषि उत्पाद जब तैयार भोजन का रूप लेता है तो उसके मूल्य में लगभग 30 फीसदी की वृद्धि होती है। पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (पीएचडीसीसीआई) की खाद्य प्रसंस्करण पर प्रकाशित शोध अध्ययन रिपोर्ट के मुताबिक भारत के खाद्य प्रसंस्करण का क्षेत्र वर्ष 2023 में करीब 307 अरब डॉलर का था, इसके तेजी से बढकर वर्ष 2030 तक करीब 700 अरब डॉलर की ऊंचाई पर पहुंचने की उम्मीद है। साथ ही कृषि एवं खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र से निर्यात लगातार बढ़ते हुए वर्ष 2030 तक 125 अरब डॉलर की ऊंचाई पर पहुंचते हुए दिखाई दे सकेगा।

निसंदेह इस समय भारत खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में नवाचार, स्थिरता और सुरक्षा के वैश्विक मानक स्थापित कर रहा है। पिछले 10 वर्षों के दौरान, भारत ने खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में बदलाव लाने के लिए व्यापक सुधार शुरू किए हैं। भारत खाद्य प्रसंस्करण में 100 प्रतिशत प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई), प्रधानमंत्री किसान संपदा योजना, सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यमों का औपचारिकरण, खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों के लिए उत्पादन आधारित प्रोत्साहन योजना जैसी बहुआयामी पहलों के माध्यम से पौष्टिक दुनिया के निर्माण के सपने को साकार करने की दिशा में तेजी से कदम बढ़ा रहा है। भारत के खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र के तहत पिछले दस वर्षों में 50 हजार करोड़ रुपए से अधिक का एफडीआई प्राप्त हुआ है और भारत की खाद्य प्रसंस्करण क्षमता 15 गुना से अधिक बढकर दो सौ लाख टन से अधिक हो गई है। खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र कई अन्य पूंजी आधारित उद्योगों की तुलना में ज्यादा रोजगार प्रदान करता है। उल्लेखनीय है कि भारत में खाद्य प्रसंस्करण के तहत पांच क्षेत्र हैं। एक डेयरी क्षेत्र, दो फल एवं सब्जी प्रसंस्करण, तीन, अनाज का प्रसंस्करण, चार, मांस मछली एवं पोल्ट्री प्रसंस्करण तथा पांच, उपभोक्ता वस्तुएं पैकेट बंद खाद्य और पेय पदार्थ। इसमें कोई दो मत नहीं है कि सरकार के द्वारा देश में खाद्य प्रसंस्करण सेक्टर के तहत इन पांचों क्षेत्रों की व्यापक संभावनाओं को मुयिों में करने के लिए कई कदम उठाए गए हैं। केंद्र सरकार ने उत्पादन आधारित प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना के तहत खाद्य प्रसंस्करण उद्योग के लिए पीएलआई योजना लागू की है उससे मूल्यवर्धित खाद्य उत्पादों को बढ़ावा मिल रहा है। सितंबर 2020 में कृषि इंफ्रास्ट्रक्चर फंड के लिए सुनिश्चित किए गए एक लाख करोड़ रुपए की वित्त पोषण सुविधा से खाद्य प्रसंस्करण उद्योग लाभान्वित होते हुए दिखाई दे रहा है। खाद्य प्रसंस्करण को प्रोत्साहन देने के लिए सरकार लॉजिस्टिक्स क्षेत्र को बुनियादी ढांचे का दर्जा दे चुकी है। साथ ही देश में वर्ष 2020 से शुरू की गई किसान ट्रेनें भी खाद्य प्रसंस्करण बढ़ाने में अहम भूमिका निभाते हुए दिखाई दे रही हैं। यह भी उल्लेखनीय है कि कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा) के अंतर्गत विभिन्न फलों, खाद्यान्नों और फूलों की खेती के लिए ईपीएफ का गठन किया गया है। मौजूदा ह्यकृषि-क्लस्टरोंह्ण को मजबूत करने और अधिक उत्पाद-विशेष वाले क्लस्टर बनाने पर भी जोर दिया गया है। एपीडा को श्रीअन्न के प्रचार-प्रसार की जिम्मेदारी सौंपी है और उसके संसाधन बढ़ाए हैं।

छोटे फूड प्रोसेसिंग उद्योगों को वित्त, तकनीक और अन्य तरह की मदद पहुंचाने के लिए खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय की केंद्रीय प्रायोजित पीएम फॉर्मलाइजेशन ऑफ माइक्रो फूड प्रोससिंग एंटरप्राइज योजना सफलतापूर्वक आगे बढ़ रही है। इस योजना के तहत राज्यों की जिम्मेदारी है कि वे कच्चे माल की उपलब्धता का ध्यान रखते हुए हर जिले के लिए एक खाद्य उत्पाद की पहचान करें। वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट के आधार पर चुने गए उत्पादों का प्रोडक्शन करने वाले उद्योगों को प्राथमिकता के आधार पर मदद दी जा रही है। वस्तुतः खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र कृषि और विनिर्माण दोनों क्षेत्रों का महत्वपूर्ण घटक है। जहां खाद्य प्रसंस्करण कृषि क्षेत्र में किसानों की आय बढ़ाने में मदद करता है। लेकिन निश्चित रूप से भारत खाद्य प्रसंस्करण की ऊंची संभावनाओं को पर्याप्त रूप से मुी में नहीं ले पा रहा है। यही कारण है कि खाद्य प्रसंस्करण के मामले में भारत बहुत पीछे है। भारत में खाद्य प्रसंस्करण का स्तर विश्व के अन्य देशों की तुलना में बहुत कम है। डेलायट और फिक्की की अध्ययन रिपोर्ट के मुताबिक भारत में कुल खाद्य उत्पादन का 10 फीसदी से भी कम हिस्सा प्रसंस्कृत होता है। सब्जियों के लिए प्रसंस्करण स्तर 2.7 फीसदी, फलों के लिए 4.5 फीसदी, मत्स्य पालन के लिए 15.4 फीसदी और दूध के लिए 21.1 फीसदी है। भारत के खाद्य प्रसंस्करण सेक्टर में पीछे रहने का एक बड़ा कारण खाद्यान्न भंडारण में बहुत पीछे होना भी है। अनाज के भंडारण की सही व्यवस्था नहीं होने की वजह से 12 से 14 फीसदी तक खाद्यान्न बर्बाद हो जाता है।

# जीवन : एक आंतरिक खोज

**ओशो**

## चिंतन-मनन

**कल** आपने कहा था कि अंतमुर्खी यात्री के पास सिर्फ दिशा होती है, मंजिल नहीं। क्या आप इन दोनों के बीच के अंतर को और स्पष्ट करेंगे? यह भेद बहुत सूक्ष्म है, लेकिन यह वैसा ही भेद है जैसा मन और हृदय के बीच है, जैसा तर्क और प्रेम के बीच है या उससे भी ज्यादा सटीक जैसा गद्य और काव्य के बीच है। मंजिल एक बहुत ही स्पष्ट चीज है, दिशा बहुत सहज है। मंजिल आपसे बाहर की कोई चीज है, किसी वस्तु की तरह। दिशा एक आंतरिक अनुभूति है, कोई वस्तु नहीं बल्कि आपकी आत्मनिष्ठा। आप दिशा को महसूस कर सकते हैं, उसे जान नहीं सकते। आप मंजिल को जान सकते हैं, उसे महसूस नहीं कर सकते। मंजिल भविष्य में है। एक बार तय हो जाने के बाद, आप अपने जीवन को उसकी ओर मोड़ना शुरू कर देते हैं। तुम भविष्य कैसे तय कर सकते हो? अज्ञात का फैसला करने वाले तुम कौन होते हो? भविष्य वह है जो अभी ज्ञात नहीं है। भविष्य एक खुली संभावना है। मंजिल तय करने से तुम्हारा भविष्य, भविष्य नहीं रह जाता, क्योंकि वह खुला नहीं रहता।

अब तुमने अनेक विकल्पों में से एक विकल्प चुन लिया है, क्योंकि जब सभी विकल्प खुले थे तो वह भविष्य था। अब सभी विकल्प छोड़ दिए गए हैं, केवल एक विकल्प चुना गया है। वह अब भविष्य नहीं रहा, वह तुम्हारा अतीत है। जब तुम मंजिल तय करते हो तो अतीत तय करता है। अतीत का तुम्हारा अनुभव, अतीत का तुम्हारा ज्ञान तय करता है। तुम भविष्य को मार देते हो। फिर तुम अपने ही अतीत को दोहराते रहते हो, शायद थोड़ा संशोधित, अपनी सुविधानुसार यहां-वहां थोड़ा बदला हुआ, रंगा हुआ, पुनर्निर्मित, लेकिन फिर भी वह अतीत से निकलता है। इसी तरह व्यक्ति भविष्य का पता खो देता है, मंजिल तय करने से व्यक्ति भविष्य का पता खो देता है। शक्ति मृत हो जाता है। वह एक यंत्र की तरह काम करने लगता है। आप दिशा तय नहीं कर सकते, आप केवल इस पल को जी सकते हैं जो आपके लिए उपलब्ध है। इसे जीने से ही दिशा पैदा होती है। अगर आप नाचते हैं, तो अगला पल और भी गहरे नृत्य का होगा। ऐसा नहीं है कि आप तय करते हैं, बल्कि आप बस इस पल में नाचते हैं। आपने एक दिशा बना ली है, आप उसमें कोई हेर-फेर नहीं कर रहे हैं। अगला पल और भी ज्यादा नृत्य से भरा होगा और उसके बाद और भी ज्यादा नृत्य होगा। मंजिल मन से तय होती है, दिशा जीवन जीने से अर्जित होती है। मंजिल तार्किक होती है, कोई डाक्टर बनना चाहता है,

## आपके पत्र

### प्राकृतिक आपदा का जिम्मेदार कौन

आजकल बादल फटने की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। प्राकृतिक आपदा के लिए मुख्य रूप से मानव को ही जिम्मेदार माना जा सकता है। दिन प्रतिदिन वाहनों द्वारा बढ़ता प्रदूषण पर्यावरण को नुकसान पहुंचा रहा है। दूसरी तरफ वनों की अंधाधुंध कटाई भी इसका मुख्य कारण है। वन मुख्य रूप से बाढ़ का बचाव करते हैं और हानिकारक गैसों को भी अवशोषित करते हैं, जिससे वातावरण में संतुलन बना रहता है।

अब समय आ गया है कि लोग अपने निर्माण कार्यों को सोच समझ कर करें। शहरीकरण के कारण नदी नाले सिकुड़ने की कगार पर आ पहुंचे है। प्रकृति से छेडखानी हमारे लिए घातक होती जा रही है। आज लोगों को जागरूक होने की जरूरत है कि वे अपने निर्माण कार्य कैसे और कहां कर रहे हैं।

**अखिलेश सिंह, रांची**

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website : www.metrorays.in**
**email : metrorays.ranchi@gmail.com**

न्यूज IN ब्रीफ

## बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत कार्य तेज करने को लेकर विशेष बैठक

**साहिबगंज/उधवा :** प्रखंड सभागार में सोमवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी-सह-अंचल अधिकारी जयंत कुमार तिवारी की अध्यक्षता में बाढ़ राहत कार्यों की समीक्षा व समन्वय हेतु एक अहम बैठक आयोजित हुई। बैठक में बाढ़ग्रस्त पंचायतों के मुखिया, पंचायत सचिव, राजस्व कर्मी, अंचल कर्मचारी और अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में जनप्रतिनिधियों ने जानकारी दी कि गंगा नदी का जलस्तर बढ़ने से दक्षिण पलाशगाछी, पूर्वी प्राणपुर, श्रीधर दियारा, पश्चिमी प्राणपुर, दक्षिण बेगमगंज और उत्तर पलाशगाछी पंचायत के कई गांव जलमग्न हो गए हैं, जिससे ग्रामीणों की परेशानी बढ़ गई है। बीडीओ सह सीओ श्री तिवारी ने कहा कि प्रशासन ने बाढ़ प्रभावित परिवारों के लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली हैं। मानव और पशु शिविर स्थापित किए जा रहे हैं, आपदा मित्रों की तैनाती की जाएगी तथा राहत सामग्री का वितरण शीघ्र शुरू होगा। उन्होंने अधिकारियों को राहत कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। बैठक में पशु चिकित्सक शिवेन्द्र सिंह, अंचल सहायक श्यामसुन मालतो, प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक हारून रशीद, पंचायत सचिव सत्यनारायण रजवार, प्रेमचंद रजक, दिलीप दत्ता, परमेश्वर पंडित, अंचल लिपिक मो. सेराजुल हक, जनसेवक सुरज टुडू, मुखिया जियाउल हक उर्फ शास्त्री, कदीर शेख, यासिन शेख, महबूब आलम, सिटू शेख, ताजेरुल हक, सरफराज उर्फ पिंटू, अजय ठाकुर सहित कई लोग मौजूद रहे।

## स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारी को लेकर हुई बैठक



साहिबगंज/उधवा : उधवा प्रखंड कार्यालय कक्ष में सोमवार को स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारी को लेकर प्रमुख स्टेनशिला सोरेन की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि कार्यक्रम की शुरूआत सुबह 8:45 बजे मुख्यालय स्थित सिद्धु-कान्हू की प्रतिमा पर माल्यार्पण से होगी। इसके बाद क्रमवार ध्वजारोहण कार्यक्रम इस प्रकार होंगे– प्रखंड सह अंचल कार्यालय में 9:00 बजे, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र उधवा में 9:15 बजे, लैंप्स कार्यालय में 9:25 बजे, पंचायत सचिवालय पतौड़ा में 9:35 बजे, प्रखंड संसाधन केंद्र उधवा में 9:45 बजे, प्लस टू उच्च विद्यालय उधवा में 9:55 बजे, राधानगर थाना में 10:15 बजे, कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में 10:55 बजे। वहीं, 10:45 बजे खरदांग मैदान स्थित बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया जाएगा। बैठक में अधिकारियों एवं कर्मियों से समय का पालन कर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की गई।

## लोहा चोरी के आरोप में 16 गिरफ्तार तीन वाहन भी जब्त



**साहिबगंज :** पुलिस ने लोहा चोरी के बड़े गैंग का पदार्फाश करते हुए इसके 16 सदस्यों को गिरफ्तार करने में बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस लाइन स्थित अपने कार्यालय कक्ष में एसपी अमित कुमार सिंह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि बरहेट थाना क्षेत्र के झिमोली गांव के ग्रामीणों ने सूचना दी थी कि झिमोली रोड के बगल में सरकारी कार्य जलापूर्ति हेतु गिराया गया लोहे के पाइप को कुछ अज्ञात व्यक्ति साथ लाए ट्रकों में भर रहे हैं। सूचना मिलते ही बरहरवा एसडीपीओ नितिन खंडेलवाल में नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। टीम ने छापामारी कर अन्तर्राजिय के 16 सदस्यों को रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। वहीं 3 वाहन भी जब्त किया गया है। गिरोग के सरगना व अन्य सदस्यों को पकड़ने के लिए पुलिस छापामारी कर रही है। मामले में कुल 18 लोगों पर बरहेट थाना कांड संख्या 120/25 दर्ज किया गया है।

एसपी ने बताया कि पकड़े गए सभी बदमाश धनबाद जिला के हैं। पकड़े गए बदमाशों में धनबाद के बलियापुर थाना के बेलगड़िया निवासी दीपक भुइयां 30, तीसरा थाना के लोधना कुम्हार बस्ती निवासी चिरंजीत कुमार 26 पुटकी थाना क्षेत्र के साउथ बलिहारी निवासी अजय कुमार 27, साउथ बलिहारी फाटक निवासी विकास कुमार पासवान26 बरारी कोंक मांझी गांव निवासी दिनेश मांझी 25 झरिया थाना क्षेत्र के सहाना पहाड़ी निवासी संतोष कुमार भुइयां उर्फ टिकला 24 हर्ष कुमार 21 तीसरा थाना क्षेत्र के घनवाडीह निवासी छोटू कुमार34 थाना बलियापुर क्षेत्र के बेलगड़िया निवासी राजेश मंडल उर्फ चुनु यादव40 थाना के डोकरा बेनिया निवासी बेलू रजवार 19 चावल धोवा निवासी किशोर रजवार 30 झरिया थाना क्षेत्र के सहाना पहाड़ी निवासी जीतन कुमार भुइयां 21 उत्तर प्रदेश के शाहजहां जिला के शेरमाउ दक्षिणी थाना क्षेत्र निवासी देवकली निवासी विपिन कुमार44 प्रमोद कुमार 32 बिहार के बांका जिला अन्तर्गत बाराहाट थाना के महुआ निवासी उमेश साह 38 लालू यादव 30 शामिल है।

## हत्या की घटना से श्यामपुर गांव में दहशत का माहौल

**साहिबगंज/बरहरवा :** बरहरवा थाना क्षेत्र के श्यामपुर गांव में दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है।जिससे पूरे इलाके में दहशत का माहौल है।मिली जानकारी के अनुसार देर रात्रि अज्ञात हमलावरों ने 36 वर्षीय युवक मिथुन रविदास पिता-गणेश रवि दास के घर में घुसकर धारदार हथियार से हमला कर दिया।जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।बताया जा रहा है कि वारदात उस समय हुई जब युवक घर के अंदर अकेला सो रहा था।वारदात की सूचना मिलते ही बरहरवा पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।फिलहाल पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है और आरोपियों की तलाश में जगह जगह छापेमारी कर रही है।हत्या की इस घटना से श्यामपुर गांव में दहशत का माहौल है. परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है. वहीं ग्रामीणों ने आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग स्थानीय पुलिस से की है।

# बच्चों को कौशल प्रशिक्षण व उनके परिवारों को कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ना है : उपायुक्त

संवाददाता

**साहिबगंज :** उपायुक्त हेमंत सती की अध्यक्षता में कार्यालय प्रकोष्ठ में केन्द्र प्रायोजित मिशन वात्सल्य योजना के अंतर्गत जिला स्तरीय बाल कल्याण एवं बाल संरक्षण समिति की प्रभावी क्रियान्वयन हेतु बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य रूप से पुलिस अधीक्षक अमित कुमार सिंह सहित संबंधित विभागों के पदाधिकारी उपस्थित रहे।बैठक में उपायुक्त ने पिछले बैठक में दिए गए निदेशों के आलोक में हुए कार्यों की जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। इस दौरान विभिन्न बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गई।जिसमें महिला व बच्चों से



संबंधित मुद्दों पर कार्यरत प्रखंड पंचायत स्तरीय समितियों की समीक्षा।विशेष किशोर पुलिस इकाई द्वारा बाल मित्र थाना डीसीपीयु के साथ मासिक समीक्षा बैठक। जबकि प्रतिवेदन की समीक्षा बाल विवाह, बालश्रम, बाल व्यापार व पोक्सो से जुड़े मामलों में प्रभावित बच्चों का विद्यालय में नामांकन 16 से 18 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों को कौशल प्रशिक्षण उनके परिवारों को कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ना।बाल गृह में बच्चों के मासिक स्वास्थ्य जांच एवं दत्तक ग्रहण हेतु चयनित बच्चों के चिकित्सकीय प्रतिवेदन तैयार करने हेतु शिशु रोग विशेषज्ञ की प्रतिनियुक्ति।बाल गृह के पूर्व भवन में स्थानांतरण एवं नियमानुसार संचालन।जिला बाल संरक्षण इकाई, बाल कल्याण समिति एवं चाइल्ड हेल्पलाइन तक जाने वाले रास्ते का निर्माण।जिला बाल संरक्षण इकाई कार्यालय के समीप नगर परिषद की पुरानी सामग्री को अन्यत्र स्थानांतरित करने की व्यवस्था।सीसीआई को पुराने भवन में स्थानांतरण तथा वन स्टॉप सेंटर एवं सीसीआई की सुरक्षा व संचालन पर विशेष जोर।बैठक में सिविल सर्जन डॉ. रामदेव पासवान, जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी पुनम कुमारी, नगर प्रशासक अभिषेक कुमार सिंह, नगर पंचायत राजमहल दानिश हुसैन सहित बाल संरक्षण इकाई के कर्मी उपस्थित रहे।उपायुक्त ने कहा कि बाल संरक्षण से जुड़े सभी मुद्दों पर समयबद्ध और प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि जिले के बच्चों के हित में योजनाओं का अधिकतम लाभ पहुंच सके।

## शिक्षक लक्ष्य के अनुरूप सिलेबस पूर्ण करें : दुर्गानंद झा



संवाददाता

**साहिबगंज :** शहर के पीएम श्री उच्च विद्यालय नगरपालिका कन्या मे एक दिवसीय कार्यशाला सह-समीक्षा बैठक का आयोजन जिला शिक्षा पदाधिकारी के अध्यक्षता में किया गया।इस समीक्षा बैठक में जिले के सभी चारों मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रभारी प्रधानाचार्य वार्डन सहायक शिक्षक ,व्यावसायिक शिक्षक एवं आईसीटी अनुदेशक के साथ किया गया।उक्त बैठक का मुख्य बिंदु आने वाले परीक्षाओं में बच्चों के अच्छे परिणाम हेतु विचार विमर्श व सटीक रणनीति पर विस्तृत चर्चा किया गया।जिला शिक्षक पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि शिक्षकों को दिया गया लक्ष्य के अनुरूप सिलेबस पूर्ण करें,प्रोजेक्ट रेल परीक्षा फल का आकलन करें और जिस विषय में बच्चों का अंक काम आ रहे हैं उस विषय का रिमेडियल क्लास या एक्स्ट्रा क्लास लीजिए एवं छात्र उपस्थित बढ़ाने के लिए शिक्षक अभिभावक बैठक करें। अनुमंडल शिक्षा पदाधिकारी के द्वारा बताया गया कि शिक्षक वह करी है जैसे एक माली बगीचा में फूल खिलाने के लिए अपने आप को खापा देती है तभी जाकर बगीचे में हरा-भरा और सुंदर-सुंदर फूल खिल उठते हैं इसलिए बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करें। अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी के द्वारा सीबीएसई रिजल्ट कक्षा 10 एवं 12 के विषय बार चर्चा किया गया और इस समस्या का समाधान हेतु प्रत्येक विद्यालय से भाषा,विज्ञान एवं गणित के दो-दो शिक्षक को प्रत्येक माह में होने वाली परीक्षाओं का प्रश्न पत्र तैयार करने हेतु नामित किया गया।अंत में जिला शिक्षा पदाधिकारी के द्वारा सभी शिक्षकों को अपना दायित्व पालन करने का निर्देश दिया गया।बैठक में डीईओ दुर्गानंद झा, एसडीईओ लक्ष्मण यादव, एडीपीओ जैनेंद्र कुमार मिश्रा, फील्ड मैनेजर जयंत कुमार फील्ड मैनेजर सभी उत्कृष्ट विद्यालय के प्रभारी, वार्डन, सहायकशिक्षक व्यावसायिक शिक्षक एवं आईसीटी अनुदेशक उपस्थित थे।

## जिला प्रशासन पूर्ण सतर्कता के साथ बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में कार्यरत : हेमंत सती

### उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक का बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का संयुक्त निरीक्षण

संवाददाता

**साहिबगंज :** जिला प्रशासन साहेबगंज द्वारा बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत एवं बचाव कार्यों को लेकर सतत कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में आज उपायुक्त हेमंत सती एवं पुलिस अधीक्षक अमित कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से साहेबगंज शहर के गंगा नदी से प्रभावित विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान बायसी स्थान, हबीबपुर, भारतीय कॉलोनी, रसुलपुर दहला, साहेबगंज कॉलेज आदिवासी हॉस्टल कैंपस समेत कई बाढ़ प्रभावित इलाकों का जायजा लिया गया। इस दौरान उपायुक्त ने स्थानीय ग्रामीणों से बातचीत कर उनकी समस्याओं की विस्तृत जानकारी प्राप्त की और उनके समाधान के लिए त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए।उपायुक्त हेमंत सती ने नगर प्रशासन को निर्देशित किया कि प्रभावित क्षेत्रों में मच्छर एवं



संक्रामक रोगों से बचाव हेतु आवश्यक दवाइयों का छिड़काव नियमित रूप से किया जाए। सिविल सर्जन को निर्देश दिया गया कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में स्वास्थ्य शिविर लगाकर लोगों की जांच की जाए और आवश्यक दवाइयां निःशुल्क वितरित की जाएं, ताकि किसी भी प्रकार की महामारी फैलने से रोकी जा सके।इसके साथ ही प्रखंड विकास पदाधिकारी को निर्देश दिया गया। कि जरूरतमंद प्रभावित परिवारों के बीच खाद्य सामग्री का वितरण सुनिश्चित किया जाए। उपायुक्त ने स्पष्ट किया कि किसी भी परिस्थिति में प्रभावित परिवारों को असुविधा न हो, इसके लिए जिला प्रशासन पूरी सतर्कता के साथ कार्य कर रहा है।उपायुक्त हेमंत सती ने मौके पर उपस्थित लोगों को आश्वासन दिया कि जिला प्रशासन बाढ़ की स्थिति पर निरंतर निगरानी रख रहा है। आवश्यक कदम तेजी से उठाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि राहत एवं बचाव कार्य में किसी भी प्रकार की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी।निरीक्षण के दौरान सिविल सर्जन रामदेव पासवान, प्रखंड विकास पदाधिकारी -सह-अंचलाधिकारी बासुकीनाथ टुडू, नगर प्रशासक अभिषेक सिंह समेत अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। सभी अधिकारियों को उनके अपने दायित्वों के निर्वहन में तत्पर रहने और आमजन की हर संभव सहायता करने का निर्देश दिया गया।जिला प्रशासन ने सभी नागरिकों से अपील की है कि बाढ़ के समय अनावश्यक जोखिम न लें, सुरक्षित स्थान पर रहें और प्रशासन द्वारा जारी निर्देशों का पालन करें। किसी भी प्रकार की आपात स्थिति में तुरंत स्थानीय प्रशासन या हेल्पलाइन नंबर पर संपर्क करें।

## डीसी ने बालू घाटों की नीलामी को लेकर दिए निर्देश

संवाददाता

**देवघर :** जिले के उपायुक्त सह जिला दण्डाधिकारी नमन प्रियेश लकड़ा की अध्यक्षता में सोमवार को बालू घाट के नीलामी हेतु बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान उपायुक्त ने झारखण्ड बालू खनन की नियमावली 2025 के तहत कैटेगरी-2 के बालू घाटों की नीलामी को लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक व उचित दिशा निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया। इसके अलावे बैठक के दौरान उपायुक्त सह जिला दण्डाधिकारी श्री लकड़ा द्वारा जानकारी दी कि झारखंड बालू खनन नियमावली, 2025 के अनुसार, नदियों को दो



श्रेणियों में विभाजित किया गया है श्रेणी 1 (ग्राम पंचायत पर्यवेक्षण के तहत गैर-व्यावसायिक उपयोग के लिए) और श्रेणी 2 (जिला समिति द्वारा ई-नीलामी के माध्यम से व्यावसायिक खनन के लिए)। आगे उपायुक्त ने बताया कि बालू खनन की नीलामी प्रक्रिया के लिए विभागीय नियमावली तैयार है, जल्द ही प्रक्रिया शुरू की जाएगी। साथ ही उन्होंने कहा कि मानसून सत्र के दौरान 10 जून से 15 अक्तूबर तक एनजीटी के दिशा निर्देशों के अनुरूप नदी तल से बालू उठाव व परिवहन पूरी तरह वर्जित रहेगा। ऐसे में संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि अवैध खनन पर शत प्रतिशत रोक लगाना सुनिश्चित करेंगे।

मौके पर अपर समाहर्ता हीरा कुमार, जिला खनन पदाधिकारी, जिला कोषागार पदाधिकारी, जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता लघु सिंचाई प्रमंडल, सहायक जनसम्पर्क पदाधिकारी, डीएमएफटी की टीम के साथ-साथ संबंधित विभाग के अधिकारी आदि उपस्थित थे।

## नीलाम- पत्र से जुड़े मामलों का त्वरित निष्पादन किया जाए : उपायुक्त

संवाददाता

**दुमका :** समाहरणालय के सभागार कक्ष में सोमवार को जिले के उपायुक्त अभिजीत सिन्हा की अध्यक्षता में आयोजित समीक्षा बैठक में नीलाम- पत्र, आंतरिक संसाधन, राजस्व भू-लगान, भू हस्तांतरण एवं आंगनबाड़ी भवन निर्माण जैसी महत्वपूर्ण योजनाओं की विस्तार से समीक्षा की गई। बैठक में उपायुक्त श्री सिन्हा ने स्पष्ट निर्देश दिया कि नीलाम -पत्र से जुड़े सभी लंबित मामलों का मिशन मोड में त्वरित निष्पादन किया जाय।उन्होंने आंतरिक संसाधन की प्रगति पर विशेष जोर देते हुए परिवहन कार्यालय, रजिस्ट्री ऑफिस और खनन विभाग को निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप टैक्स वसूली करने और राजस्व वृद्धि में सक्रिय भूमिका निभाने को कहा।

दाखिल-खारिज के लंबित मामलों पर उन्होंने शीघ्र गति लाने और समयबद्ध निपटान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही, आंगनबाड़ी केंद्र भवन निर्माण योजनाओं के लिए उपयुक्त भूमि चिन्हित करने और भू हस्तांतरण से जुड़े मामलों के निपटारे में तेजी लाने पर बल दिया।

बैठक में अंचल अधिकारी संबंधित विभागों के सभी वरीय पदाधिकारी मौजूद रहे।

## डीसी ने सहायक आचार्य नियुक्ति को लेकर चल रहे जिला स्तरीय काउंसलिंग का किया निरीक्षण

संवाददाता

**देवघर :** जिले के उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी नमन प्रियेश लकड़ा ने सोमवार को समग्र शिक्षा अभियान कार्यालय में सहायक आचार्य नियुक्ति को लेकर चल रहे जिला स्तरीय काउंसलिंग कार्य का निरीक्षण कर वस्तुस्थिति का जायजा लिया। इस दौरान उपायुक्त ने सहायक आचार्य (6-8 वर्ग) पद के लिए चल रहे काउंसलिंग को लेकर संबंधित अधिकारियों व कर्मियों को निर्देशित किया कि सरकार का आदेश विज्ञापन प्रकाशन में दिए गए मानदंड तथा नियुक्ति नियमावली के नियमों को शत प्रतिशत अनुपालन करते हुए कार्य करना सुनिश्चित करें।

इसके अलावा निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त श्री लकड़ा ने अभ्यर्थियों की सुविधा हेतु बनाए गए हेल्प डेस्क द्वारा किये जा रहे कार्यों का जायजा लिया। ज्ञात हो कि सफल घोषित और अनुशंसित कुल 94 अभ्यर्थियों की 11 और 12 अगस्त 2025 को समग्र शिक्षा अभियान कार्यालय में काउंसलिंग आयोजित की जा रही है।

दस्तावेजों का किया जा रहा है सत्यापन

काउंसलिंग में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों को अपने सभी मूल प्रमाण-पत्रों के साथ-साथ दो-दो स्वप्रमाणित प्रतियों की जांच की जा रही है। ये दस्तावेज दो अलग-अलग फोल्डरों में क्रमवार जमा किये जा रहे हैं। जिन पर अभ्यर्थी का नाम, अनुक्रमांक, विषय, पिता का नाम और श्रेणी स्पष्ट रूप से लिखा होना चाहिए। दस्तावेजों




की जांच के दौरान यदि कोई कमी पाई जाती है, तो मौके पर ही सुधार का विकल्प दिया जाएगा, लेकिन अंतिम निर्णय प्रशासनिक मानकों पर आधारित होगा। इसके अतिरिक्त दस्तावेज सत्यापन के बाद चयनित अभ्यर्थियों को पदस्थापन पत्र जारी किए जाएंगे और उन्हें संबंधित विद्यालयों में नियुक्त कर दिया जाएगा। जिला प्रशासन की ओर से यह प्रक्रिया पूरी पारदर्शिता और समयबद्धता के साथ संचालित की जा रही है। उपायुक्त श्री लकड़ा के निर्देश पर शिक्षा विभाग और चयन आयोग समन्वय बनाकर कार्य कर रहा है, ताकि जिले के सरकारी विद्यालयों में योग्य शिक्षकों की बहाली जल्द से जल्द पूरी की जा सके।

मौके पर जिला भू-अर्जन पदाधिकारी अमर प्रसाद, जिला शिक्षा पदाधिकारी बिनोद कुमार, जिला शिक्षा अधीक्षक मधुकर कुमार, सहायक जनसम्पर्क पदाधिकारी रोहित कुमार विद्यार्थी, डीएमएफटी की टीम एवं संबंधित विभाग अधिकारी व कर्मी आदि उपस्थित थे।

# दर्शकों के दिलों में गहराई से उतरेगी इत्ती सी खुशी

**बॉलीवुड** के जानेमाने फिल्मकार गोल्डी बहल का कहना है कि उनका आने वाला शो इत्ती सी खुशी दर्शकों के दिलों में गहराई से उतरेगी। सोनी सब, अपने नए शो इत्ती सी खुशी को लांच करने के लिए पूरी तरह तैयार है। गोल्डी बहल निर्मित मुंबई की पृष्ठभूमि पर आधारित यह शो 21 वर्षीय अन्विता (सुम्बुल तौकीर)की कहानी है, जो छह भाई-बहनों में सबसे बड़ी है और अपने टूटते परिवार की अनपेक्षित आधारशिला बन जाती है। एक ओर उसका पिता शराब की लत से जूझ रहा है तो दूसरी ओर मां उन्हें पहले ही छोड़ चुकी है, ऐसे में अन्विता अपने सपनों और पढ़ाई की कुबार्नी देकर अपने भाई-बहनों के लिए बेहतर भविष्य गढ़ने में लग जाती है।

गोल्डी बहल ने बताया कि शो




इत्ती सी खुशी की कहानी रोजमर्रा की जिंदगी में छोटी-छोटी खुशियों और साधारण चीजों में खुशी खोजने के बारे में है। उन्होंने कहा कि वह इस कहानी से भावनात्मक रूप से जुड़े हुए थे क्योंकि वह भी कई भाई-बहनों वाले परिवार से आते हैं। उन्होंने कहा मेंने काफी समय से भाई-बहन के अटूट रिश्ते पर आधारित कहानी नहीं देखी है। मैंने जब शेमलेस देखी तो विचार आया क्यों न इसपर आधारित शो पर काम किया जाये। शो इत्ती सी खुशी उन दुर्लभ कहानियों में से एक है जो किसी भव्य इशारे या व्यापक आख्यान के बारे में नहीं है; यह एक युवा लडकी अन्विता की शांत, रोजमर्रा की बहादुरी के बारे में है, जो अपने परिवार को एकजुट रखती है, तब भी जब बाकी सब कुछ बिखर रहा होता है, जीवन की इतनी सी खुशी की तलाश में। गोल्डी बहल ने बताया, मैं खुद अन्विता की तरह कई भाई-बहनों वाले परिवार से आता हूं, इसलिए मैं इस कहानी और पात्रों के भावनात्मक ताने-बाने से गहराई से जुड़ता हूं, जिसने मुझे एक कहानीकार के रूप में आकर्षित किया। चुनौती केवल एक सार्वभौमिक कहानी की नकल करने की नहीं थी, बल्कि इसे अपनी भाषा, अपने स्वाद में अनुवाद करने की थी और इसका सारा श्रेय सोनी सब को जाता है, जिसने हमें इस दुनिया को भारतीय दर्शकों के सामने लाने का सही मौका दिया, जो प्रामाणिक रूप से भारतीय और हमारी संस्कृति में निहित महसूस हुआ। मुझे सोनी सब पर इत्ती सी खुशी प्रस्तुत करते हुए बेहद खुशी हो रही है। हमें विश्वास है कि इत्ती सी खुशी हमारे दर्शकों के दिलों में गहराई से उतरेगी और उनके दैनिक जीवन का एक अभिन्न अंग बन जाएगी। रोज ऑडियो विजुअल्स द्वारा निर्मित इत्ती सी खुशी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रशंसित सीरीज शेमलेस का भारतीय रूपांतरण है, जिसे मूल रूप से कंपनी पिक्चर्स और यूके लेखक पॉल एबट ने विकसित किया था, और ऑल3मीडिया इंटरनेशनल के सहयोग से तैयार किया गया था। यह शो यूके के चैनल 4 पर एक कल्ट फेवरेट बन गया था और बाफ्टा टीवी अवॉर्ड्स में बेस्ट ड्रामा सीरीज सहित कई पुरस्कार जीते थे। इसके अमेरिकी संस्करण ने भी कई प्राइमटाइम एमी नामांकन प्राप्त किए और चार पुरस्कार जीते। ब्रिटेन और अमेरिका में बने दोनों ही रूपांतरणों में इसके कलाकार बेजोड़ और प्रतिभाशाली रहे हैं।

## ग्रैंडमास्टर को हराने वाली सबसे कम उम्र की शतरंज खिलाड़ी हरमन शिवानंदन



**नई दिल्लीः** भारतीय मूल की ब्रिटिश नागरिक बोधना शिवानंदन ग्रैंडमास्टर पीटर वेल्स को हराने वाली सबसे कम उम्र की महिला खिलाड़ी बन गई है। इंग्लिश शतरंज महासंघ (ईसीएफ) द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार, हैरो की इस 10 वर्षीय खिलाड़ी ने लिवरपूल में 2025 ब्रिटिश शतरंज चैंपियनशिप के अंतिम दौर में 60 वर्षीय ग्रैंडमास्टर पीटर वेल्स को हराकर जीत हासिल की। 10 साल, पांच महीने और तीन दिन की उम्र में शिवानंदन की यह जीत अमेरिकी कैरिसा यिप के 2019 के रिकॉर्ड को तोड़ती है, जो आगे चलकर अंतरराष्ट्रीय मास्टर बनीं। ईसीएफ ने कहा कि बोधना की जीत ने महिला अंतरराष्ट्रीय मास्टर खिताब हासिल करने के लिए आवश्यक अंतिम मानदंड या परिणाम भी हासिल कर लिया है, जो शतरंज के सर्वोच्च खिताब, ग्रैंडमास्टर की ओर एक कदम है।

बोधना ने इस आयोजन के दौरान 24 रेटिंग अंक हासिल किए और 26वें स्थान पर रहीं एक 10 वर्षीय खिलाड़ी के लिए यह उल्लेखनीय उपलब्धि है। ईसीएफ के विशेषज्ञ कमेंटेटर डैनी गोरमली ने कहा, आखिरकार उन्होंने यह कैसे जीत लिया। वह जरूर कोई जादूगरनी होंगी। उन्हें सरल पोजिशनल मूव्स खेलना पसंद है, कुछ खास नहीं। वह बहुत मजबूत खिलाड़ी हैं और खेल के आखिर में अपने विरोधियों को मात देने का प्रयास करती हैं।

## पैपराजी पर भड़के सलमान, बोले10 कदम दूर रहो मेरी भांजी से

**बॉलीवुड** एक्टर सलमान खान का एक वीडियो इस समय सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है, जिसमें सलमान अपनी नन्ही भांजी आयत शर्मा के साथ नजर आ रहे हैं, लेकिन इस बार उनका गुस्से वाला अंदाज लोगों का ध्यान खींच रहा है।

**क्या है वीडियो में खास? :** ये वीडियो इंस्टेंट बॉलीवुड नाम के एक पेज से शेयर किया गया है, जिसमें सलमान खान अपनी बहन अर्पिता खान की बेटी आयत के साथ दिख रहे हैं। वीडियो में देखा जा सकता है कि आयत थोड़ी डरी हुई है और अपने मामा सलमान का हाथ मजबूती से पकड़कर खड़ी है। तभी सलमान का गुस्सा फूट पड़ता है।



वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि जब मीडिया फोटोज और वीडियोज लेने के लिए सलमान और आयत के काफी करीब आ जाती है, तो सलमान नाराज हो जाते हैं। वे फोटोग्राफर्स को डांटते हुए कहते हैं कि भांजी से 10 कदम दूर रहो! भीड़ देखकर सलमान आयत को गोद में भी उठा लेते हैं, ताकि वो ज्यादा डरी हुई महसूस न करे। फैंस ने की सलमान की तारीफः वीडियो के वायरल होने के बाद फैंस सलमान खान की जमकर तारीफ कर रहे हैं। लोग कह रहे हैं कि सलमान जितने बड़े स्टार हैं, उतने ही बड़े दिल के इंसान भी हैं। उनकी भांजी के लिए उनका ऐसा प्यार और प्रोटेक्टिव रवैया लोगों को बहुत पसंद आया।

## एशिया कप को लेकर हार्दिक का होगा फिटनेस टेस्ट, एनसीए में एक हफ्ता और रुकेंगे सूर्यकुमार

### टूनार्मेंट के लिए जल्द होगा टीम इंडिया का ऐलान

**बंगलुरुः** एशिया कप 2025 से पहले भारत के स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या और टी-20 कप्तान सूर्यकुमार यादव की फिटनेस को लेकर अपडेट आया है। भारत के एशिया कप 2025 टीम के सिलेक्शन से पहले हार्दिक पांड्या बंगलुरु में नेशनल क्रिकेट एकेडमी में रूटीन फिटनेस टेस्ट से गुजरेंगे, जिसके आधार पर उनका मूल्यांकन किया जाएगा। पांड्या ने आखिरी इंटरनेशनल मुकाबला मार्च में न्यूजीलैंड के खिलाफ (वनडे) खेला था।

वहीं, सूर्या का अभी पूरी तरह फिट होना बाकी है। वह एनसीए में फीजियो और मेडिकल टीम की मौजूदगी में अभी एक हफ्ते और रुकेंगे, ताकि समय पर पूरी तरह फिट हो सकें। उन्होंने जून में जर्मनी के म्यूनिख में स्पोर्ट्स हर्निया की सर्जरी करवाई थी। एशिया कप के लिए अभी भारतीय टीम का ऐलान नहीं हुआ है। उससे पहले खिलाड़ियों का फिटनेस टेस्ट किया जा रहा है। पिछले महीने श्रेयस अय्यर का किया गया था।



नौ सितंबर से यूएई में टूर्नामेंटः एशिया कप 2025 यूएई में खेला जाएगा। टूर्नामेंट नौ सितंबर से शुरू होकर 28 सितंबर तक चलेगा। इसमें आठ टीमें हिस्सा लेंगी। भारत, पाकिस्तान, ओमान और यूएई को एक ही ग्रुप में रखा गया है। श्रीलंका, बांग्लादेश, अफगानिस्तान और हांगकांग ग्रुप-बी में हैं। ग्रुप में सभी टीमें एक-दूसरे के खिलाफ 1-1 मैच खेलेंगी। भारत 10 सितंबर को यूएई, 14 को पाकिस्तान और 19 को ओमान से भिड़ेगा।

## धनुष संग डेटिंग की खबरों पर मृणाल ठाकुर ने तोड़ी चुप्पी, बताया वायरल वीडियो का सच

**बॉलीवुड** एक्ट्रेस मृणाल ठाकुर इन दिनों अपनी नई फिल्म 'सन ऑफ सरदार 2' को लेकर खूब चर्चा में हैं। फिल्म ने 1 अगस्त को सिनेमाघरों में दस्तक दी थी और अब तक 42 करोड़ से ज्यादा की कमाई कर चुकी है। फिल्म की सफलता के बीच मृणाल अब एक पर्सनल वीडियो को लेकर सुर्खियों में आ गई हैं, जिसमें वह साउथ एक्टर धनुष के साथ बातचीत करती नजर आ रही हैं। इस वीडियो में दोनों काफी सहज अंदाज में एक-दूसरे का हाथ पकड़े हुए दिखाई दे रहे हैं। वीडियो के सामने आते ही सोशल मीडिया पर यह चर्चा तेज हो गई कि क्या मृणाल और धनुष एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं? वहीं, अब मृणाल ने इन सब अफवाहों



पर अपनी चुप्पी तोड़ी है।

हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान मृणाल ठाकुर ने इन डेटिंग रूमर्स पर अपनी चुप्पी तोड़ी। उन्होंने मीडिया से बात करते हुए कहा कि धनुष और उनके बीच सिर्फ अच्छी दोस्ती है, इससे ज्यादा कुछ नहीं। मुझे ये सब सुनकर बहुत मजा आता है, ये सारी बातें मुझे काफी फनी लगीं। सच यह है कि धनुष मेरे सिर्फ अच्छे दोस्त हैं और हमारा रिश्ता दोस्ती से आगे नहीं है।

इस दौरान मृणाल ने यह भी साफ किया कि हाल ही में धनुष को 'सन ऑफ सरदार 2' की स्क्रीनिंग में उन्होंने नहीं, बल्कि अजय देवगन ने आमंत्रित किया था। स्क्रीनिंग में धनुष की मौजूदगी को लेकर भी बातें की जा रही हैं, लेकिन सच्चाई ये है कि उन्हें अजय सर ने इनवाइट किया था, ना कि मैंने। इसलिए इस बात को कोई और मतलब नहीं देना चाहिए। मृणाल और धनुष के बीच डेटिंग की चर्चा तब शुरू हुई जब मृणाल को धनुष और आनंद एल राय की अपकमिंग फिल्म 'तेरे इश्क में' की रैप-अप पार्टी में देखा गया था। इसके कुछ ही दिन बाद धनुष को 'सन ऑफ सरदार 2' की स्क्रीनिंग में मृणाल के साथ देखा गया, जहां दोनों हाथ पकड़कर बात करते नजर आए। इसका एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया, जिससे अफवाहें और तेज हो गईं। इतना ही नहीं मृणाल ने हाल ही में धनुष की बहनों को इंस्टाग्राम पर फॉलो करना भी शुरू कर दिया, जिससे लोगों को लगा कि दोनों के बीच कुछ चल रहा है।

### वूमेन्स वर्ल्ड कप ट्रॉफी की लांचिंग पर बोलीं हरमन

## भारत वर्ल्ड कप का सूखा खत्म करने को तैयार

### 30 सितंबर से भारत-श्रीलंका में होगा टूर्नामेंट

**मुंबईः** भारतीय महिला टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने कहा है कि उनकी टीम अगले महीने से शुरू हो रही वूमन्स वर्ल्ड कप में आईसीसी ट्रॉफी का सूखा खत्म करना चाहती है और पूरा भारत हमारे वर्ल्ड कप जीतने का इंतजार कर रहा है। उन्होंने कहा, ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज से हमें अपनी तैयारियों का अंदाजा लग जाएगा कि हम कहां खड़े हैं। हरमनप्रीत ने ये बातें सोमवार को 30 सितंबर से भारत में होने जा रहे वूमन्स वनडे वर्ल्ड कप की ट्रॉफी लॉन्चिंग सेरेमनी में कहीं। इस मौके पर पूर्व भारतीय क्रिकेटर युवराज सिंह, आईसीसी के चेयरमैन जय




शाह और बीसीसीआई सेक्रेटरी देवजीत सैकिया भी मौजूद रहे। भारतीय महिला टीम ने कभी-भी वर्ल्ड कप नहीं जीत सकी है।

टीम ने 2017 में फाइनल तक का सफर किया था, लेकिन इंग्लैंड से हारकर टीम रनरअप रही थी। हम उस बैरियर को तोड़ना चाहते हैं, जिसका सभी भारतीय इंतजार कर रहे हैं। वर्ल्ड कप हमेशा खास होते हैं, मैं हमेशा अपने देश के लिए कुछ खास करना चाहती हूं। जब भी मैं युवी भैया (युवराज) को देखती हूं, तो मुझे बहुत प्रेरणा मिलती है।

**आस्ट्रेलिया के खिलाफ खेलना चुनौतीपूर्णः** भारतीय महिला टीम वर्ल्ड कप से ठीक पहले ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन वनडे की होम सीरीज खेलेगी। इस पर हरमन ने कहा, ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेलना हमेशा चुनौतीपूर्ण होता है। इससे हमें अपनी स्थिति का पता चलता है। यह सीरीज हमें काफी कॉन्फिडेंस देगी। वूमंस वर्ल्ड कप शुरू होने से ठीक पहले ऑस्ट्रेलियाई टीम भारत का दौरा करेगा। 14 सितंबर से शुरू हो रहे इस दौरे में तीन वनडे खेले जाएंगे।



## कपिल शर्मा की बढ़ी सुरक्षा, बिश्नोई गैंग की धमकी के बाद मुंबई पुलिस हाई अलर्ट पर

**कॉमेडियन**-टीवी होस्ट कपिल शर्मा की सुरक्षा बढ़ाई गई है। दरअसल, उनके कनाडा स्थित कैफे पर एक महीने के अंदर दो बार गोलीबारी हुई है। इतना ही नहीं, लॉरेंस बिश्नोई गिरोह ने सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर करके कपिल शर्मा को धमकी भी दी है। ऐसे में मुंबई पुलिस ने कपिल के मुंबई स्थित ओशिवारा घर के आसपास सशक्त सुरक्षा व्यवस्था लागू की है। इसके अलावा, उनके शूटिंग लोकेशन के आसपास सादे कपड़ों में पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं। पहला हमला 10 जुलाई को हुआ था। इसकी जिम्मेदारी बब्बर खालसा इंटरनेशनल के सदस्य हरजीत सिंह लड्डी ने ली थी।

कैप्स कैफे पर दूसरा हमला आठ अगस्त को हुआ था, जिसमें लगभग 25 गोली चलने की रिपोर्ट है। इस घटना की जिम्मेदारी गोल्डी ढिल्लों नाम के गैंगस्टर और लॉरेंस बिश्नोई गिरोह न ली है। हमले के दौरान शूट किए गए वीडियो में किसी आवाज में चेतावनी भी दी गई। कहा गया, हमने उसे फोन किया, लेकिन उसने कॉल नहीं उठाई इसलिए कार्रवाई करनी पड़ी। अगर यह नहीं सुनता, तो अगली कार्रवाई मुंबई में होगी।

भारत ने आसिम मुनीर को लगाई कड़ी फटकार कहा

# परमाणु हथियार की धमकियां देना पाकिस्तान की आदत है

## जब अमेरिका साथ देता है, तो असली रंग दिखाता है पाक

संवाददाता

**नई दिल्ली:** पकिस्तानी सेना प्रमुख आसिम मुनीर की अमेरिका से दी गई परमाणु बम की धमकियों को लेकर भारत ने कड़ी नाराजगी जताई है। आसिम मुनीर को कड़ी फटकार लगाते हुए विदेश मंत्रालय ने कहा कि परमाणु हथियार की धमकियां पाकिस्तान की आदत है। अंतरराष्ट्रीय समुदाय ऐसी टिप्पणियों में निहित गैर-जिम्मेदारी पर अपने निष्कर्ष निकाल सकता है। मुनीर का बयान ऐसे देश में परमाणु कमान और नियंत्रण की अखंडता पर गहरी शंकाओं की इशारा करते हैं, जहां सेना आतंकवादी समूहों के साथ मिली हुई है। यह भी खेदजनक है कि ये टिप्पणियां किसी मित्र देश की धरती से की गई हैं। भारत पहले ही स्पष्ट कर चुका है कि वह परमाणु ब्लैकमेल के आगे नहीं झुकेगा। हम अपनी राष्ट्रीय सुरक्षा



की रक्षा के लिए सभी आवश्यक कदम उठाते रहेंगे। इससे पहले भारत सरकार के सूत्रों ने कहा था कि इन धमकियों से पता चलता है कि पाकिस्तान परमाणु हथियारों के मामले में एक गैर-जिम्मेदार देश है। पाकिस्तान में परमाणु हथियारों के गैर-सरकारी तत्वों के हाथों में पड़ने का वास्तविक खतरा है। पाकिस्तानी सेना प्रमुख का बयान एक चलन का हिस्सा है। वह यह है कि जब भी अमेरिका पाकिस्तानी सेना का समर्थन करता है, तो वह हमेशा अपना असली रंग दिखाता है। यह इस बात का संकेत है कि पाकिस्तान में लोकतंत्र नहीं है। यह उनकी सेना है, जो नियंत्रण करती है। एक सूत्र ने यहां तक कहा कि अमेरिका के स्वागत और स्वागत से उत्साहित होकर अगला कदम संभवतः पाकिस्तान में तख्तापलट हो सकता है, ताकि फील्ड मार्शल राष्ट्रपति बन जाएं। बता दें कि दो महीने के अंदर अपने दूसरे दौरे के दौरान रविवार को पाकिस्तान के सेना प्रमुख असीम मुनीर ने भारत को गीदड़भभकी दी थी। मुनीर ने कहा था कि अगर भारत ने सिंधु नदी का पानी रोकने के लिए बांध बनाया, तो हमारे पास मिसाइलों की कमी नहीं है। हम 10 मिसाइलें मारकर बांध उड़ा देंगे। पाकिस्तान के फील्ड मार्शल मुनीर यह गीदड़भभकी देने से भी नहीं चूके कि अगर भविष्य में भारत के साथ युद्ध में उनके देश के अस्तित्व को खतरा हुआ, तो वह इस पूरे क्षेत्र को परमाणु युद्ध में झोंक देंगे। मुनीर ने कहा कि हम एक परमाणु संपन्न राष्ट्र हैं और अगर हमें लगता है कि हम डूब रहे हैं, तो हम आधी दुनिया को अपने साथ ले जाएंगे। मुनीर का बयान इस लिहाज से सनसनीखेज है कि पहली बार अमरीकी धरती से किसी तीसरे देश को परमाणु युद्ध की धमकी दी गई है।

## न्यूज ब्रीफ



### बाथू पुल के पास पहाड़ी से गिर रही चट्टानें कंडी रोड बाजार में बाढ़ जैसे हालात

**कांगड़ाः** बाथू पुल के पास पहाड़ से चट्टानों के गिरने का सिलसिला जारी है, जिससे खतरा बरकरार है। लोगों में भय का माहौल है। लगातार पत्थर गिरने से वाहन चालकों की रफ्तार धीमी हो गई है। लोगों का कहना है कि अगर इसी प्रकार चलता रहा तो खतरा बढ़ता जाएगा। उधर, मूसलाधार बारिश से कंडी रोड बाजार में बाढ़ जैसे हालात पैदा हो रहे हैं।

सड़क के दोनों तरफ की नालियों का कंडी रोड और दौलतपुर बाजार में कोई नामोनिशान नहीं है, इसलिए सारा पानी सडक और दुकानों में घुस रहा है, जिससे स्थानीय व्यापारियों, वाहन चालकों और आम जनता को भारी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। दौलतपुर स्कूल के पास भी तालाब के जैसी स्थिति बनी हुई है। गाड़ियों की आवाजाही के समय पानी स्कूल और दुकानों में घुस रहा है। स्थानीय व्यापारियों ने एनएचएआई से मांग की है कि जल्द नालियों को दुरुस्त करें, अन्यथा भारी आक्रोश का सामना करना पड़ सकता है।

### सीढ़ी से घसीटकर शव ले गए कर्मी,बिहार के अस्पताल ने इंसानियत को किया शर्मसार

**पटनाः** बिहार में बेतिया के सबसे बड़े अस्पताल से इंसानियत को शर्मसार करने वाला एक वीडियो सामने आया है। जीएमसीएच अस्पताल में कर्मचारी एक डेड बॉडी को सीढ़ियों पर घसीटते नजर आ रहे है। यह शव बेतिया नौतन रोड के पालम सिटी से बरामद किया गया था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जीएमसीएच भेजा था। लेकिन अस्पताल के कर्मचारियों ने शव को सीढ़ियों पर घसीट कर अमानवीय व्यवहार किया। मामला मुफस्सिल थाना क्षेत्र के श्रीराम कॉलोनी के पास का है। सुबह ग्रामीणों ने एक गड्ढे में एक शव देखा, और तत्काल पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव को बाहर निकाला और पोस्टमार्टम के लिए जीएमसीएच भेज दिया। ग्रामीणों के मुताबिक, शव करीब 4-5 दिन पुराना था, सड़-गल चुका था और पहचानना मुश्किल था। लेकिन पोस्टमार्टम के बाद जो हुआ, उसने मौत को भी शर्मिंदा कर दिया। अस्पताल में शव ले जाने की कोई मानवीय व्यवस्था नहीं थी। दो लोग, जिनके चेहरे पर कोई संवेदना नहीं, सीढ़ियों पर घसीटते हुए शव को नीचे ला रहे थे। सीढ़ियों से टकराते हुए वह शरीर आगे बढ़ रहा था, जैसे वह कोई इंसान नहीं, बल्कि बेकार पड़ा सामान हो। लोगों का आक्रोश, सिस्टम पर सवाल स्थानीय लोगों और सोशल मीडिया यूजर्स का गुस्सा फूट पड़ा है। इतने बड़े अस्पताल में शव ले जाने के लिए स्ट्रेचर तक क्यों नहीं है? क्यों हर बार जीएमसीएच का नाम शर्मनाक घटनाओं में आता है? जिला प्रशासन और जनप्रतिनिधि इस अपमानजनक दृश्य पर चुप क्यों हैं? लोगों का कहना है, यह महज लापरवाही नहीं, बल्कि मानवता की आत्मा को घायल करने वाला अपराध है। समाज और सिस्टम दोनों की हार मौत अंतिम पड़ाव है, वहां पहुंचने के बाद भी इंसान को अपमान सहना पड़े, तो यह हमारे समाज और सिस्टम दोनों की हार है। आज बेतिया का यह वीडियो पूरे प्रदेश में घूम रहा है, आये दिन ऐसे मंजर सुर्खियों में बनते जरूर हैं, लेकिन ठंडे बस्ते में डाल दिया जाता है। सरकार को चाहिए कि ठोस कदम उठाए ताकि अगली लाश इस तरह बेइज्जती के साथ सीढ़ियों पर न घसीटी जाए।

### पटना एयरपोर्ट पर यात्री के हैंड बैग में कारतूस मिलने से हड़कंप, सीआईएसएफ ने दबोचा

**पटनाः** पटना एयरपोर्ट पर एक यात्री के हैंड बैग से कारतूस बरामद होने की घटना सामने आई है। अहमदाबाद जाने के दौरान सुरक्षा जांच में बैग में कारतूस मिला। घटना के बाद हवाई अड्डा पुलिस ने आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज कर लिया। वहीं, कागजी कार्रवाई के बाद यात्री को जेल भेज दिया गया। घटना 6 अगस्त की है, लेकिन मामला सोमवार को प्रकाश में आया। खगौल निवासी अंकित का स्पाइस जेट की उड़ान संख्या एसजी-718 से अहमदाबाद का टिकट बना हुआ था। वे फ्लाइट पकड़ने 6 अगस्त को पटना एयरपोर्ट पहुंचे थे। सुरक्षा जांच के दौरान उनके हैंड बैग में एक कारतूस मिलने पर सीआईएसएफ के जवानों ने उसे दबोच लिया। अंकित ट्रेनिंग के लिए अहमदाबाद जा रहे थे। पुलिस पूछताछ में यात्री ने बैग में कारतूस कैसे आया यह नहीं बता सके। वहीं, उनके पास हथियार का कोई लाइसेंस भी नहीं है। जिसके बाद यात्री को गिरफ्तार कर लिया गया। मालूम हो कि हवाई यात्रा के दौरान हथियार और कारतूस इत्यादि बड़वानीः मध्यप्रदेश के बड़वानी जिले में तीन महीने के बच्चे को पुल पर छोड़ कर एक युवक-युवती नर्मदा नदी में कूद गए। जिला मुख्यालय से लगभग पांच किलोमीटर दूर छोटी कसरावद स्थित नर्मदा नदी के पुल से कल देर रात एक युवक और युवती ने नदी में छलांग लगा दी। दोनों ने इसके पहले करीब तीन महीने के बच्चे को पुल पर छोड़ दिया। बड़वानी कोतवाली प्रभारी दिनेश कुशवाहा ने बताया कि पुल पर मिले बच्चे को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उन्होंने प्रत्यक्षदर्शियों व फिल्टर प्लांट पर कार्यरत कर्मचारियों के हवाले से बताया कि युवक और युवती उस शिशु को छोड़कर नदी में कूदे। दोनों की तलाश की जा रही है। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं है कि दोनों पति-पत्नी हैं अथवा नहीं। जिला अस्पताल के शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ उमेश ने बताया कि फिलहाल बच्चा स्वस्थ है।

# आवारा कुतों को लेकर सुप्रीम कोर्ट का सख्त निर्देश

## शेल्टर में रखो, कोई बाधा डाले तो करो कार्रवाई



**नई दिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को दिल्ली में आवारा कुत्तों की समस्या को बेहद गंभीर बताते हुए दिल्ली सरकार और सिविक बॉडी को तुरंत सभी इलाकों से आवारा कुत्तों को पकडकर डॉग शेल्टर में रखने का निर्देश दिया। सुप्रीम कोर्ट ने 28 जुलाई को आवारा कुत्तों से त्रस्त शहर, बच्चे भुगत रहे कीमत से संबंधित खबर पर स्वतः संज्ञान लिया था। अदालत ने संज्ञान लिया कि किस प्रकार नवजात शिशु, बच्चे और बुजुर्ग अवैक्सीनेटेड (टीकाकरण रहित) आवारा कुत्तों के काटने के कारण रेबीज जैसी घातक बीमारी का शिकार हो रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को इस मामले में आदेश पारित किया है। जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस आर महादेवन की बैंच ने अपने अहम आदेश में कहा है कि सभी आवारा कुत्तों को जल्द से जल्द पकड़ा जाए और डॉग शेल्टर में रखा जाए। शुरूआती चरण में लगभग 5,000 कुत्तों को रखने की क्षमता वाले शेल्टर बनाए जाएं।

पर्याप्त स्टाफ तैनात कर कुत्तों की स्टरलाइजेशन (नसबंदी) और टीकाकरण किया जाए। कुत्तों को किसी भी हाल में वापस सडकों, कालोनियों या सार्वजनिक स्थानों पर न छोड़ा जाए। एक हेल्पलाइन एक सप्ताह के भीतर बनाई जाए, ताकि कुत्तों के काटने की घटनाओं की तुरंत रिपोर्ट हो सके। अगर कोई व्यक्ति या संस्था आवारा कुत्तों को पकड़ने की कार्रवाई में बाधा डालेगी, तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। अदालत ने कहा कि यह आदेश व्यापक जनहित में जारी किया गया है, ताकि शिशु और छोटे बच्चे किसी भी हालत में कुत्तों के हमले का शिकार न हों, जिससे रेबीज जैसी घातक बीमारियां फैल सकती हैं। उधर, आवारा कुत्तों को लेकर सुप्रीम कोर्ट की तरफ से दिल्ली-एनसीआर के लिए जारी की गई गाइडलाइन को कांग्रेस नेता पी चिदंबरम ने देशव्यापी स्तर पर लागू करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि आवारा कुत्तों को पकड़ना और उन्हें डॉग शेल्टर होम में रखना मुश्किल काम नहीं है। चिदंबरम ने कहा कि सडकें सभी लोगों, विशेषकर बच्चों और बुजुर्गों के लिए सुरक्षित होनी चाहिए।



### 35 लाख किसानों को मिले 3900 करोड़, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत सौगात

**झुंझुनूः** राजस्थान के झुंझुनू से केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान तथा राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (पीएमएफबीएम) के अंतर्गत डीबीटी-आधारित दावा राशि का राष्ट्रव्यापी डिजिटल हस्तांतरण किया गया। इस अवसर पर रबी 2024-25 एवं पूर्ववर्ती सीजनों की पहली किस्त के तहत प्रत्यक्ष लाभ अंतरण के माध्यम से 35 लाख से अधिक किसानों के बैंक खातों में 3900 करोड़ से अधिक की राशि सीधे भेजी गई। केवल राजस्थान के 9.70 लाख से अधिक किसानों को लगभग 1426 करोड़ का भुगतान किया गया।

यह ऐतहासिक कार्यक्रम झुंझुनू हवाई पट्टी पर आयोजित हुआ, जिसमें झुंझुनू, सीकर, जयपुर, कोटपूतली-बहरोड़ सहित विभिन्न जिलों के लगभग 35000 किसान शामिल हुए, जबकि देशभर के 23 राज्यों के लाखों किसान वर्चुअल माध्यम से भी जुड़े। इस ऐतिहासिक अवसर की अध्यक्षता केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने की। मुख्य अतिथि राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा थे। विशेष अतिथि के रूप में केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी और राजस्थान के कृषि मंत्री डा. किरोड़ी लाल मीणा उपस्थित थे।

# ओडिशा में महिलाओं से जुड़ी हर त्रासदी सरकार की नाकामी को दर्शाती है : नवीन पटनायक

**पुरीः** बीजू जनता दल (बीजद) के अध्यक्ष एवं ओडिशा के पूर्व मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने मंगलवार को बरगढ़ के गैसिलेट में नाबालिग लड़की के आत्मदाह मामले पर दुख जताया। उन्होंने प्रदेश में महिलाओं के खिलाफ हो रही घटनाओं पर चिंता जताई।

बीजद नेता नवीन पटनायक ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए मृतका के प्रति संवेदनाएं व्यक्त की। उन्होंने लिखा, यह जानकर बेहद दुःख, सदमा और पीड़ा हुई कि बरगढ़ के गैसिलेट की एक और लड़की ने खुद को आग लगाकर जान दे दी। इस दुःख की घड़ी में मेरी संवेदनाएं उस बच्ची के परिवार के साथ हैं। ईश्वर परिवार के सदस्यों



को इस अपूरणीय क्षति को सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

लड़कियों के खिलाफ बढ़ रही आपराधिक घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए उन्होंने लिखा, यह बेहद दुखद है कि हमारी लड़कियां जिस तरह से अपनी जान लेने के लिए खुद पर ज्वलनशील पदार्थ छिड़क रही हैं। एक महीने के भीतर ऐसी ही परिस्थितियों में चार बच्चियों की जान जा चुकी है। हर मासूम की मौत में ओडिशा की एक बेटी का दर्द छिपा है जो इतना असहनीय हो गया कि उसे अपनी जान लेने के अलावा कोई और रास्ता नहीं सूझ रहा था। ये चार मौतें कोई छोटे मामले नहीं हैं। ऐसी कई लड़कियां हैं जो हर दिन अपराध का शिकार होकर बेहद दुखद तरीके से मर रही हैं।

उन्होंने प्रदेश सरकार पर निशाना साधते हुए आगे लिखा कि पीड़ितों की हताशा सिर्फ एक व्यक्तिगत त्रासदी नहीं है। यह हर त्रासदी और उनकी चीखें सुनने में सरकार की नाकामी को दर्शाता है। प्रशासन की व्यवस्था में विश्वास खत्म हो रहा है, जहां हमारी बेटियां खुद को सुरक्षित महसूस करें, उनकी अहमियत समझी जाए, और उनकी समस्याओं को सुना जाए। भाजपा सरकार ऐसी हृदय विदारक त्रासदी को कब तक रोकेगी? सरकार की चुप्पी और निष्क्रियता ओडिशा की बेटियों को और भी असुरक्षित बना रही है। बता दें कि दुखद आत्मदाह की घटना बरगढ़ जिले के फिरींगी माला गांव में हुई। सोमवार को 13 साल की एक लड़की ने कथित तौर पर खुद को आग लगाकर जान दे दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।




### मिश्रित वैश्विक संकेतों के बीच सपाट खुला भारतीय शेयर बाजार

**मुंबई :** अमेरिका की ओर से चीन को रातोंरात 90 दिन की टैरिफ छूट मिलने के बाद मिश्रित वैश्विक संकेतों के बीच मंगलवार को भारतीय शेयर बाजार सपाट खुला।

शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 0.10 प्रतिशत या 80 अंक बढ़कर 80,684 पर पहुंच गया और निफ्टी 0.11 प्रतिशत की बढ़त के साथ 24,612 स्तर पर पहुंच गया।

व्यापक बाजार सूचकांकों में भी खरीदारी देखी गई, जिसमें बीएसई स्मॉलकैप में 0.39 प्रतिशत और बीएसई मिडकैप में 0.06 प्रतिशत की वृद्धि हुई। सेक्टोरल फ्रंट पर, निफ्टी आईटी में 0.79 प्रतिशत और निफ्टी मेटल में 0.60 प्रतिशत की वृद्धि हुई। अधिकांश अन्य सूचकांक मिश्रित रहे, जिनमें 0.10 से 0.40 प्रतिशत के बीच मामूली बढ़त और गिरावट देखी गई।

निफ्टी में हीरो मोटोकॉर्प टॉप गेनर रहा, उसके बाद टॉप गेनर्स की लिस्ट में टाटा स्टील और टीसीएस का नाम रहा। डॉ. रेड्डीज लैबोरेटरीज 0.91 प्रतिशत की गिरावट के साथ टॉप लूजर रहा, उसके बाद लूजर्स की लिस्ट में आईसीआईसीआई बैंक, एचडीएफसी बैंक, ग्रासिम और बजाज फाइनेंस का स्थान रहा।

ब्रोकिंग की अमृता शिंदे ने कहा, तकनीकी रूप से, 24,650 से ऊपर की एक निर्णायक चाल 24,850 की ओर बढ़ने का मार्ग प्रशस्त कर सकती है, जिसमें तत्काल समर्थन 24,500 और 24,330 पर है, जो दोनों ही नए लॉन्ग पोजीशन के लिए आकर्षक क्षेत्र माने जाते हैं।

एशिया-प्रशांत बाजार हरे निशान में रहे, क्योंकि अमेरिका-चीन व्यापार के रातोंरात युद्धविराम विस्तार ने निवेशकों के सेंटीमेंट को बढ़ावा दिया। अमेरिका और चीन ने सोमवार को अपने व्यापार युद्धविराम को 10 नवंबर तक आगे बढ़ा दिया। अमेरिका ने पहले चीनी वस्तुओं पर 145 प्रतिशत टैरिफ लगाने की धमकी दी थी और बीजिंग ने जवाबी कार्रवाई करते हुए अमेरिकी शिपमेंट पर 125 प्रतिशत शुल्क लगा दिया। अब दोनों ही शुल्क 10 नवंबर तक स्थगित कर दिए गए हैं।

निवेशक अमेरिका-भारत व्यापार समझौते, तिमाही आय परिणामों, टैरिफ संबंधी बयानबाजी और आगामी मुद्रास्फीति के आंकड़ों पर करीबी नजर रख रहे हैं।

अमेरिकी बाजारों में, डॉव जोन्स 0.45 प्रतिशत, एसएंडपी 500 इंडेक्स 0.25 प्रतिशत और नैस्डैक कंपोजिट 0.30 प्रतिशत गिर गया।

एशियाई बाजार अधिकतर बढ़त में रहे। जापान का निक्केई 2.46 प्रतिशत की बढ़त के साथ रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। चीन के शंघाई कंपोजिट में 0.41 प्रतिशत और शेन्जेन कंपोजिट में 0.19 प्रतिशत की वृद्धि हुई। हांगकांग का हैंग सेंग सूचकांक स्थिर रहा और दक्षिण कोरिया के कोस्पी में 0.40 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई।

सोमवार को विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने 1,202.65 करोड़ रुपए के शेयर बेचे, जबकि घरेलू संस्थागत निवेशक (डीआईआई) 5,972.36 करोड़ रुपए के शुद्ध खरीदार रहे।

# एलन मस्क ने एप्पल पर एक्सएआई की बजाय ओपनएआई को अहमियत देने का लगाया आरोप, कानूनी कार्रवाई की दी धमकी

**नई दिल्लीः** टेस्ला और स्पेसएक्स के मालिक एलन मस्क ने मंगलवार को टेक दिग्गज एप्पल के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की धमकी दी और आरोप लगाया कि कंपनी अपने ऐप स्टोर में ओपनएआई एप्लिकेशन को अनुचित रूप से प्राथमिकता दे रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि इसी पक्षपात के कारण मस्क का अपना एआई स्टार्टअप, एक्सएआई, ऐप स्टोर पर नंबर एक स्थान हासिल नहीं कर पाया।

म्मस्क ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, एप्पल इस तरह से व्यवहार कर रहा है कि ओपनएआई के अलावा किसी भी एआई कंपनी के लिए ऐप स्टोर में नंबर एक स्थान हासिल करना असंभव हो गया है, जो एक स्पष्ट रूप से एंटीट्रस्ट उल्लंघन है। एक्सएआई इस पर तुरंत कानूनी कार्रवाई करेगा। उन्होंने एक दूसरे पोस्ट में कहा, दुर्भाग्य से, हमारे पास क्या विकल्प बचता है? एप्पल ने तराजू पर केवल



अपना अंगूठा नहीं, बल्कि अपना पूरी बॉडी रख दी है। यह आरोप तब लगाया गया जब एक्सएआई के लार्ज लैंग्वेज मॉडल, ग्रोक और ओपनएआई के चैटजीपीटी के बीच प्रतिस्पर्धा तेज हो गई। एक्सएआई ने पिछले महीने ग्रोक 4 लॉन्च किया और प्रतिस्पर्धियों की तुलना में प्रदर्शन सुधार का दावा किया। इसके बाद से इस एआई फर्म ने इमेज और वीडियो जनरेशन के लिए ग्रोक इमेजिन और पर्सनलाइज्ड कंपेनियन चैटबॉट जैसे फीचर्स जोड़े। एप्पल की प्रोडक्टिविटी कैटेगरी में ग्रोक 60वें स्थान से दूसरे स्थान पर पहुंच गया है। मुफ्त श्रेणी में प्रतिदिन केवल सीमित संख्या में क्वेरीज की अनुमति है, जिसके बाद इसके लिए सब्सक्रिप्शन की आवश्यकता होती है। चैटजीपीटी पिछले एक वर्ष से एप्पल के समग्र चार्ट में लगातार पहले या दूसरे स्थान पर रहा है। मस्क ने आरोप लगाया था कि चैटजीपीटी के लिए एप्पल का समर्थन स्वाभाविक लोकप्रियता से प्रेरित नहीं है। एप्पल ने ऐप स्टोर के एडिटोरियल कंटेंट में चैटजीपीटी को प्रमुखता दी है और ओपनएआई की टेक्नोलॉजी को अपने अपने एप्पल इंटेलिजेंस रोलआउट में शामिल किया है, इसे सीधे सिरी और राइटिंग टूल में इंटीग्रेट किया गया। पिछले हफ्ते, जीपीटी?5 के लॉन्च पर, चैटजीपीटी निर्माता ओपनएआई ने लगभग 1,000 कर्मचारियों के लिए बड़े बोनस भुगतान की घोषणा की, जो उसके पूर्णकालिक कर्मचारियों का लगभग एक-तिहाई है।

## न्यूज IN ब्रीफ

### बभंडी गांव में रोड, नाली और पेयजल समस्या का निकलेगा शीघ्र निदान

**मेदिनीनगर :** यातायात प्रभारी समाल अहमद के नेतृत्व में सोमवार को मेदिनीनगर के छहमुहान के समीप वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस क्रम में यातायात के नियम का उल्लंघन करने के मामले में 13 दो पहिया वाहनों को जब्त किया गया। सभी वाहन को जब्त करते हुए सुरक्षात्मक दृष्टि से शहर थाना परिसर में लगाया गया है। सभी जब्त वाहन का चालान काटकर डीटीओ कार्यालय भेज दिया गया है। यातायात प्रभारी ने बताया कि बिना हेलमेट, बिना लाइसेंस एवं ट्रिपल लोड मामले में बाइक जब्त किया गया है।

### फुटबॉल कप टूर्नामेंट का आयोजन

**पांकी :** प्रखंड के जांजों गांव में नीलांबर-पीतांबर फुटबॉल कप टूनार्मेंट सोमवार से शुरू हुआ। जेएलकेएम के केंद्रीय संगठन सचिव ओंकारनाथ जायसवाल ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर टूनार्मेंट का उदघाटन किया। इस टूनार्मेंट में 40 टीमें भाग ले रही हैं। पहला मैच इचाक और डोडांग गांव के बीच खेला गया। इसमें डोडांग दो गोल से जीत गया। दूसरा मैच नवादा और मातुली के बीच खेला, जिसमें मतुली एक गोल से जीत गया। तीसरा मैच हेरसातू और हेरहंज के बीच खेला गया, जिसमें हेरहंज एक गोल से विजयी रहा। टूनार्मेंट का उदघाटन करते हुए ओंकारनाथ जायसवाल ने कहा कि फुटबॉल, युवाओं की शान है।
फुटबॉल टूनार्मेंट होने से युवाओं में एक नई ऊर्जा पैदा होती है। इससे तन और मन मजबूत होता है। कार्यक्रम का संचालन सतपाल सिंह खरवार ने किया। कार्यक्रम में केकरगढ़ के मुखिया पति विनोद यादव, लालू यादव, संतु सिंह, देवनाथ यादव, गौतम गुप्ता, विकास खेरवार, नंदलाल खेरवार, संजय खरवार, रोहित खरवार, लक्ष्मण खरवार, पंकज खरवार, मोहर सिंह खरवार के अलावा बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

### बिजली करेंट लगने से युवती की हुई मौत



**सिमडेगा :** जिला के बानो प्रखंड से मिली जानकारी अनुसार रोशनी कुमारी नामक युवती पेड़ पर चढ़ कर डाली काट रही थी। जिसे पेड़ की डाली बिजली की तार में सट गई जिससे पेड़ पर ही बिजली की करेंट से चिपक कर मौत हो गई।

### एटीएस के एसपी ऋषभ कुमार झा विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रीय पदक से सम्मानित किए जाएगें



बिनय मिश्रा : भारतीय पुलिस सेवा 2016 बैच के आईपीएस अधिकारी एंव वर्तमान समय में एटीएस के एसपी ऋषभ कुमार झा अपने बेहतर और उत्कृष्ट कार्य और उपलब्धि के फलस्वरूप विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति पदक से सम्मानित किए जाएगें। श्री झा के तोरपा में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के रूप में पदस्थापना काल के दौरान उनकी उपलब्धि , कामयाबी तथा बेहतर कार्य प्रणाली के फलस्वरूप यह सम्मान मिल रहा है। गौरतलब हो कि श्री झा ग्रामीण एसपी रांची, चतरा के लोकप्रिय एसपी तथा जमशेदपुर में रेल एसपी के रूप में पदस्थापित रहे हैं।

### विधायक पूर्णिमा साहू ने नेमरा पहुंचकर दिशोम गुरु शिबू सोरेन को दी श्रद्धांजलि

**जमशेदपुर :** राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री दिशोम गुरु शिबू सोरेन के दिल्ली में हुए निधन के पश्चात उनका अंतिम संस्कार उनके पैतृक गांव नेमरा (रामगढ़) में संपन्न हुआ। रविवार को जमशेदपुर पूर्वी की विधायक पूर्णिमा साहू ने नेमरा पहुंचकर स्व। शिबू सोरेन के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित कर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान उन्होंने श्राद्धकर्म के पारंपरिक अनुष्ठानों में व्यस्त मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं विधायक कल्पना सोरेन से मुलाकात कर शोक संवेदना व्यक्त की। वहीं, उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं उनकी धर्मपत्नी कल्पना सोरेन को सांत्वना दी और इस कठिन समय में ढांढस बंधाया। इस अवसर पर विधायक पूर्णिमा साहू के साथ उनके पति सह समाजसेवी ललित दास भी मौजूद रहे।

### दुकानदारों से रंगदारी मांगने वाले जाएंगे जेल: डीएसपी

**धनबाद :** वासेपुर के आरा मोड़ के दुकानदार और फुटपाथ पर ठेला लगाने वालों से रंगदारी मांगने की सूचना के बाद बैंक मोड़ पुलिस ने सोमवार को आरा मोड़ के कारोबारियों के साथ बैठक की। डीएसपी लॉ एंड ऑर्डर नौशाद आलम और थाना प्रभारी प्रवीण कुमार ने भरोसा दिया कि उनसे कोई रंगदारी नहीं मांगेगा। यदि कोई रंगदारी मांगता है तो फौरन इसकी सूचना पुलिस को दें, पुलिस उसे गिरफ्तार करेगी। डीएसपी ने बताया कि पिछले दिनों कारोबारियों से मारपीट के मामले में पुलिस ने मोनटी कुरैशी उर्फ जहांगीर कुरैशी को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। पुलिस मोनटी के भाई जुम्मन कुरैशी की भी तलाश कर रही है।
सभी दुकानदारों से अपनी-अपनी दुकान के बाहर और अंदर सीसीटीवी कैमरे लगाने को कहा। इसके अलावा सक्रिय अपराधियों के संबंध में पुलिस को सूचना देने की अपील की गई। दुकानदारों से कहा गया कि वे निर्भीक होकर दुकान चलाएं। दुकानदारों से अपील की गई कि वे ट्रैफिक व्यवस्था का ख्याल रखें। सड़क पर गाड़ी खड़ी कर अतिक्रमण नहीं करें। बैठक में पूर्व पार्षद निसार आलम सहित अन्य उपस्थित थे।

### बिजली चोरी में 69 लोग पकड़े गए

**धनबाद :** बिजली विभाग ने बिजली चोरी के खिलाफ सोमवार को अभियान चलाया। बिजली चोरी में 69 लोग पकड़े गए। 11 लाख 42 हजार रुपए का जुमार्ना लगाते हुए स्थानीय थाने में प्राथमिकी दर्ज की गयी। धनबाद एरिया बोर्ड के निर्देश पर धनबाद और चास सर्किल में 631 जगहों पर अभियान चलाया गया। इसमें धनबाद सर्किल में 366 जगहों पर अभियान चलाकर 40 लोग पकड़े गए। छह लाख 62 हजार का जुमार्ना लगाया। धनबाद डिवीजन से 10,गोविंदपुर 8,निरसा 6, झरिया से 5 लोग पकड़े गए है। वहीं चास सर्किल में 265 जगहों पर अभियान चलाकर 40 लोग पकड़े गए। 4 लाख 80 हजार रुपए जुमार्ना लगाया।

## गढ़वा विधायक ने डीआईजी से मुलाकात कर कहा
# निर्दोष को फंसाने के मामले में हो निष्पक्ष जांच

### पलामू रेंज के डीआईजी नौशाद आलम से मुलाकात कर विधायक ने न्याय की मांग की



संवाददाता

**मेदिनीनगर :** एक आपराधिक मामले में कथित रूप से निर्दोष व्यक्ति को फंसाने के आरोप को लेकर गढ़वा विधायक एस.एन. तिवारी ने सोमवार को पलामू रेंज के डीआईजी नौशाद आलम से मुलाकात कर शिष्टाचार भेंट की। विधायक तिवारी ने कहा कि इस मामले में एक व्यक्ति को गलत तरीके से आरोपित किया गया है, जबकि वह घटना में शामिल नहीं था। उन्होंने डीआईजी से आग्रह किया कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए और इसे उनके पर्यवेक्षण में रखा जाए ताकि निर्दोष को न्याय मिल सके।
प्राप्त जानकारी के अनुसार, यह मामला 21 मार्च 2021 को दर्ज एफआईआर से संबंधित है, जिसमें धाराएं 395/397 समेत विभिन्न प्रावधान लगाए गए हैं। प्राथमिकी के अनुसार, घटना की सूचना थाना को उसी दिन रात्रि 9:30 बजे दी गई थी। लिखित एवं मौखिक दोनों माध्यम से शिकायत दर्ज कराई गई थी। प्राथमिकी में मुख्य शिकायतकर्ता के रूप में मोबीन अंसारी का नाम दर्ज है।
विधायक तिवारी ने कहा कि पुलिस प्रशासन को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि जांच निष्पक्ष हो और किसी भी निर्दोष को कानून के दायरे में गलत तरीके से न लाया जाए। उन्होंने भरोसा जताया कि डीआईजी के प्रत्यक्ष पर्यवेक्षण में सही तथ्यों के आधार पर निर्णय लिया जाएगा। इस अवसर पर डीआईजी नौशाद आलम ने उन्हें शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया,और उन्हें भरोसा दिलाया कि 4 वर्ष पुराना मामला है, निष्पक्ष जांच मेरे देख रेख में करा के निर्दोष की निश्चत रूप से न्याय दिलाया जाएगा।

# निगम करेगा शहर में सफाई, टर्मिनेट होगी रेमकी

**धनबाद :** शहर में डोर टू डोर सफाई का काम संभालने वाली एजेंसी रेमकी को टर्मिनेट करने की तैयारी नगर निगम ने शुरू कर दी है। इसे लेकर नगर निगम की ओर से कंपनी को शो-कॉज नोटिस जारी किया गया है। जिसमें शहर में सफाई बंद होने पर उससे जवाब मांगा गया है। नगर निगम ने अब शहर की सफाई व्यवस्था अपने हाथों में लेते हुए रेमकी को टर्मिनेट करने की तैयारी कर रहा है। शहर में सफाई व्यवस्था ठप होने पर नगर आयुक्त ने सभी सहायक नगर आयुक्त और सुपरवाइजर के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में नगर आयुक्त ने कहा कि शुक्रवार से सिंदरी, झरिया, कतरास और छाताटांड़ अंचल में कचरा उठव्राव बंद कर दिया गया है।सोमवार को धनबाद अंचल में भी सफाई नहीं हुई है। यह कार्रवाई बिना पूर्व सूचना एवं बिना पूर्व स्वीकृति के की गई है, जो अनुबंध की शर्तों का स्पष्ट उल्लंघन है। नगर आयुक्त ने कहा कि सफाई नहीं होने से शहर में विभिन्न क्षेत्रों में कचरे का ढेर लग गया है। सार्वजनिक स्थलों एवं बाजार क्षेत्रों में गंदगी फैल गई है। इससे संक्रामक रोगों के फैलने की संभावना बढ़ गई है। नगर आयुक्त, धनबाद ने इसे अत्यंत गंभीर मामला मानते हुए कहा है कि इस प्रकार की लापरवाही से नगर निगम की कार्यप्रणाली और छवि धूमिल हो रही है। निगम ने अब खुद ही सफाई करने का निर्णय लिया है। 865 सफाईकर्मी और 30 ट्रैक्टर उतारने की तैयारी नगर निगम ने रेमकी के हड़ताल को देखते हुए वैकल्पिक व्यवस्था तैयार कर ली है। निगम ने 865 सफाईकर्मी को मंगलवार से सड़क पर उतारने की तैयारी कर रहा है। साथ ही 30 ट्रैक्टर अलग-अलग वार्डों में घूमकर कचरा उठाएंगे। नगर आयुक्त ने सभी सहायक नगर आयुक्त को इसकी मॉनेटरिंग की जिम्मेवारी सौंपी है। इधर रेमकी कर्मियों ने सोमवार को बरटांड़ बस डिपो में जुटकर प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी की।

# बारिश ने उधेड़ दी मेदिनीनगर की सड़कें

### डीआईजी की पहल से हरकत में आया राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग, बाकी विभाग नदारद

### जिम्मेदार अफसर कागजी बैठकों में व्यस्त, हादसों से परेशान जनता

बिनय मिश्रा

लगातार बारिश ने मेदिनीनगर की सड़कों को गड्ढों और जलजमाव का ऐसा जाल बना दिया है कि पैदल चलना भी जोखिम भरा हो गया है। आए दिन होने वाले हादसों और घायल होते लोगों के बावजूद जिला प्रशासन, नगर निगम और संबंधित इंजीनियरिंग विभाग ने मानो आंखें मूंद ली हैं। जिन सड़कों की मरम्मत की जिम्मेदारी इन्हीं विभागों की थी, वहां पहल की पलामू रेंज के डीआईजी नौशाद आलम ने। उन्होंने खुद राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजना के इंजीनियर प्रदूत चटर्जी को मौके पर बुलाकर शहर की बदहाल सड़कें दिखाईं और तत्काल मरम्मत का आग्रह किया। चटर्जी ने मौके पर हामी भरते हुए कहा कि हम इसे जल्द बनवा देंगे। इसके बाद धरातल पर काम भी शुरू हो गया। यह कदम सराहनीय रहा, जबकि बाकी विभाग अब भी चुप्पी साधे हैं।
चटर्जी के दिशा-निर्देश के बाद शहरी क्षेत्र में सड़क मरम्मत का काम शुरू किया गया। इसके तुरंत बाद डीआईजी ने कार्य स्थल पर पहुंचकर इंजीनियरों और कर्मियों का मनोबल बढ़ाने के लिए मिठाई और लड्डू भी बांटे।
उल्लेखनीय है कि रक्षाबंधन के दिन शहरी क्षेत्र में भ्रमण के दौरान डीआईजी ने जर्जर सड़कों की हालत देख चिंता जताई थी और स्पष्ट कहा था कि इन सड़कों को किसी न किसी रूप में जल्द दुरुस्त कराया जाएगा।
शहरवासियों का तंज है- ह्लसड़कें नगर निगम की, मरम्मत पुलिस अफसर करा रहे हैं। तो फिर प्रशासन और नगर निगम का काम क्या है?ह्व
डीआईजी की इस पहल से मरम्मत का रास्ता जरूर खुला है, लेकिन यह भी उजागर हो गया कि जिम्मेदार विभागों की सक्रियता केवल कागजी बैठकों और बयानबाजी तक सीमित है। अगर यही हाल रहा तो आने वाले दिनों में जनता का गुस्सा सड़कों पर उतरना तय है।

# 19 जुलाई को धंसी थी बरमसिया फ्लाइओवर की रिटर्निंग वॉल, आज तक शुरू नहीं हुआ काम

**धनबाद :** बरमसिया फ्लाइओवर की रिटर्निंग वॉल 19 जुलाई को धंस गयी थी। आनन-फानन में बालू के बोरे से इसे भरा गया। भारी वाहनों पर रोक लगायी गयी। फिलहाल स्थिति यह है कि धीरे-धीरे सर्विस लेन धंस रही है। लगभग दो माह के बाद रेलवे की ओर से बयान आया कि राज्य सरकार से राशि की स्वीकृति पत्र मिलने के बाद ओवर ब्रिज का काम शुरू होगा। बरमसिया फ्लाइओवर पर भी फेंका-फेंकी का खेल चल रहा है। भारी वाहनों के चलने से फ्लाइओवर धंस सकता है। मामले में डीआरएम ने कहा कि ओवर ब्रिज के निर्माण के लिए प्रोपोजल दिया गया है। पहले 1।25 करोड़ का प्राक्कलन था। बाद में जीएसटी के साथ 1।43 करोड़ का प्राक्कलन हो गया है। राज्य सरकार से स्वीकृति पत्र मिलने के बाद काम शुरू कर दिया जायेगा। फिलहाल एजेंसी के चयन के लिए प्रक्रिया चल रही है। आरसीडी के कार्यपालक अभियंता मिथिलेश प्रसाद ने कहा कि फ्लाइओवर का काम शुरू करने के लिए लगातार पत्र लिखा गया है। बरमसिया फ्लाइओवर के एप्रोच रोड के लिए 40 लाख का फंड आया है। विभागीय आदेश के बाद रेलवे को ट्रांसफर कर दिया जायेगा। रेलवे ने 1।43 करोड़ मांगा है। विभागीय सचिव के पास फाइल गयी है। स्वीकृति की प्रक्रिया चल रही है। बहुत जल्द राशि रेलवे को ट्रांसफर कर दी जायेगी। उपायुक्त आदित्य रंजन ने रेलवे को काम शुरू करने का आदेश दे चुके हैं। अगर फ्लाइओवर की मरम्मत जल्द शुरू नहीं हुई, तो फ्लॉइओवर कभी भी धंस सकती है। गया पुल अंडर पास के मामले में डीआरएम ने कहा कि जनरल अरेजमेंट ड्राइंग (जीएडी) को स्वीकृति मिले दो साल का समय पूरा हो चुका है। लेकिन काम शुरू नहीं कराया गया। नियम है कि दो साल तक काम नहीं होने पर नक्शा का रिवैलिडेशन कराना जरूरी है। इसी प्रक्रिया के लिए फिर से नक्शा को भेजा गया है। स्वीकृति मिलने के बाद संबंधित विभाग को जानकारी दे दी जायेगी। रिवैलिडेशन में रेलवे को दिये गये नक्शा का मिलान, स्वीकृत नक्शा से किया जाता है। इसके बाद आगे की प्रक्रिया होगी। इधर, आरसीडी के कार्यपालक अभियंता मिथिलेश प्रसाद ने कहा कि रेलवे से आग्रह है कि हाजीपुर से जल्द से जल्द एप्रूवल मंगा दे।

### मंत्री रामदास सोरेन के स्वास्थ्य लाभ के लिए की गयी विशेष प्रार्थना

**जमशेदपुर :** भिलाईपहाड़ी हाट मैदान स्थित दुर्गा मंडप के सामने झारखंड के शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन के स्वास्थ्य लाभ के लिए विशेष प्रार्थना की गयी. झामुमो नेता, कार्यकर्ता व स्थानीय लोगों ने उनके जल्द स्वस्थ होने के लिए ईश्वर से कामना की. मौके पर जिला बीस सूत्री उपाध्यक्ष सह झामुमो के वरिष्ठ नेता मोहन कर्मकार ने कहा कि शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन के स्वास्थ्य में निरंतर सुधार हो रहा है. यह हर समाज व समुदाय के लोगों की दुआओं का असर है. लोग हर दिन जाहेरथान, मंदिर, मस्जिद, गिरजाघर और गुरुद्वारा में उनके लिए प्रार्थना कर रहे हैं. इस अवसर पर पूर्व जिला परिषद सदस्य पिंटू दत्ता, जिला संयोजक मंडली के प्रमुख बाघराय मार्डी, सुनील महतो, चंद्रावती महतो, अजय रजक, मोहम्मद सामद, अवतार सिंह आदि उपस्थित थे।

# शताब्दी वर्ष समारोह को लेकर नये रूप में सज रहा आइआइटी आइएसएम

संवाददाता

**धनबाद :** नौ दिसंबर 2026 को संस्थान के 101वें स्थापना दिवस पर पीएम को आमंत्रित करने की है योजनाउँल्लुं ठी६२ः आइआइटी आइएसएम अपने शताब्दी वर्ष समारोह के लिए भव्य तैयारियों में जुट गया है. यह आयोजन नौ दिसंबर 2025 को होगा. वहीं नौ दिसंबर 2026 को संस्थान अपना 101वां स्थापना दिवस मनायेगा. जो उद्घाटन के 100 वर्ष का प्रतीक होगा. नौ दिसंबर 1926 को ब्रिटिश शासनकाल में तत्कालीन वायसरॉय लॉर्ड इरविन ने संस्थान का उद्घाटन किया था. शताब्दी वर्ष समारोह में प्रधानमंत्री को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित करने की योजना है. समारोह के उपलक्ष्य में 2500 क्षमता वाले सेनटिनरी ऑडिटोरियम का निर्माण तेजी से जारी है. इसका उद्घाटन प्रधानमंत्री से कराने की योजना है. आइआइटी परिसर को आकर्षक रूप दिया जा रहा है, ताकि समारोह भव्य और ऐतिहासिक बन सके.

मुख्य द्वार से लेकर भवनों तक रेनोवेशन

संस्थान के मुख्य द्वार (गेट नंबर-एक) से लेकर कैंपस के सभी हिस्से में रेनोवेशन कार्य चल रहा है. पुराने भवनों को नया स्वरूप दिया जा रहा है. दीवारों, सड़कों और हरित पट्टियों को आधुनिक डिजाइन और सजावट के साथ तैयार किया जा रहा है, ताकि आगंतुकों और पूर्व छात्रों को एक नया अनुभव मिल सके.

अंतरराष्ट्रीय मानक पर नया स्विमिंग पूल

संस्थान के पुराने स्विमिंग पूल को तोड़कर अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुसार नया स्विमिंग पूल तैयार किया जा रहा है. इसका उद्देश्य इंटर-आइआइटी खेल प्रतियोगिताओं के लिए उपयुक्त सुविधाएं प्रदान करना है. आधुनिक फिल्टरेशन सिस्टम, दर्शक गैलरी और प्रशिक्षण के लिए आवश्यक उपकरण इसमें शामिल किये जायेंगे.

दोनों खेल मैदान का आधुनिकीकरण

आइआइटी आइएसएम के दोनों खेल मैदान, लोअर ग्राउंड और अपर ग्राउंड को नया रूप दिया जा रहा है. मैदानों की सतह, ड्रेनेज सिस्टम और दर्शक व्यवस्था को बेहतर किया जा रहा है. यहां भविष्य में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के खेल आयोजन कराने की योजना है.

श्रीश्री रविशंकर होंगे मुख्य अतिथि

आगामी नौ दिसंबर 2025 को संस्थान अपना 100वां स्थापना दिवस मनाने जा रहा है. यह समारोह भव्य होगा. समारोह में बतौर मुख्य अतिथि आध्यात्मिक गुरु एवं आर्ट्स ऑफ लिविंग के संस्थापक श्रीश्री रविशंकर होंगे. शताब्दी वर्ष में कई समारोह आयोजित किये जायेंगे.

# रिनपास से व्हीलचेयर पर बैठ कर बाहर निकले संजीव सिंह

**धनबाद :** सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिलने के बाद सोमवार देर शाम में झरिया के पूर्व भाजपा विधायक संजीव सिंह को रांची रिनपास से छुट्टी मिल गई। वे समर्थकों के हुजूम के बीच व्हील चेयर पर बैठ कर रिनपास से बाहर आए। इससे पहले सोमवार की दोपहर एमपी एमएलए कोर्ट के विशेष न्यायाधीश दुर्गेश चंद्र अवस्थी की अदालत ने सजीव को 20-20 हजार रुपए के दो मुचलकों पर जमानत पर मुक्त करने का आदेश दिया। बेलबांड भरने के बाद कोर्ट से जेल प्रशासन को संजीव की रिहाई का आदेश भेजा गया। जेल प्रशासन ने आदेश की कॉपी रांची रिनपास भेजी। अपने चचेरे भाई व धनबाद के पूर्व डिप्टी मेयर सहित चार लोगों की हत्या मामले में संजीव सिंह 11 अप्रैल 2017 यानी आठ साल चार महीने से न्यायिक अभिरक्षा में थे। अधिवक्ता मोहम्मद जावेद ने बताया कि अदालत के आदेश पर संजीव सिंह के जमानतदार उनके मामा शिव शंकर सिंह तथा परिचित टुकेश कुमार बने। जमानत बंध पत्र के साथ कोर्ट में हाजिर होने के अलावा मुकदमे की समाप्ति तक धनबाद जिले में प्रवेश नहीं करने का अलग से बेलबांड भी अदालत में दाखिल किया गया। जमानतदार के मुचलकों से संतुष्ट होकर कोर्ट ने धनबाद जेल प्रशासन को संजीव सिंह को न्यायिक हिरासत से मुक्त करने का आदेश दिया। जेल प्रशासन का आदेश रांची रिनपास को मिलने के बाद कागजी प्रक्रिया पूरी कर उन्हें न्यायिक हिरासत से मुक्त किया गया। आठ अगस्त 2025 को सर्वोच्च न्यायालय से मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति बीआर गवई, न्यायमूर्ति विनोद चंद्रन और न्यायमूर्ति एनबी अंजारिया की खंडपीठ ने संजीव सिंह को सशर्त जमानत दी थी। बड़े बाल के साथ नए लुक में नजर आए संजीव सिंहः संजीव सिंह के रिनपास से लेने के लिए उनकी पत्नी और झरिया की विधायक रागिनी सिंह समर्थकों के साथ रिनपास पहुंची थीं।

# किट नाशक दवा खाने से महिला की मौत



**सिमडेगा :** जिला बानो प्रखंड अंतर्गत बेड़ा होंजेर नीचे टोली निवासी श्रीमती कुमारी 28 साल पति भुनेश्वर सिंह की किट नाशक खाने से मौत हो गई। पति भुनेश्वर सिंह ने बताया की सुबह लगभग 8 से 9 बजे सभी कोई खेत का काम करने के लिए निकले थे। घर में उनकी पत्नी अकेली थी। भुनेश्वर सिंह ने बताया 12 बजे जब घर आ कर देखे मुंह से झाग निकाल रहा था। इन्होंने कहा खेती बड़ी में लगाने वाले किट नाशक दवा खा ली थी। ग्रामीनो के सहयोग से 1 बजे लगभग बानो सी एच सी बानो लाया गया ।जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया गया। श्रीमती कुमारी का एक तीन साल की बेटी भी है पोस्टमार्टम के लिए सिमडेगा भेजा गया।

# 9 किलोमीटर की दूरी तय करने में लगते हैं डेढ़ घंटे, 10000 से अधिक लोग प्रभावित

लातेहारः जिले में गांव तक पहुंचने वाली सड़कों की स्थिति अत्यंत दयनीय है। जिला मुख्यालय को पांडेयपुरा और आरागुंडी पंचायत को जोड़ने वाली पक्की सड़क पूरी तरह गड्ढों में तब्दील हो चुकी है। स्थिति यह है कि लगभग 9 किलोमीटर लंबी इस सड़क से गुजरने में वाहन चालकों को 1 घंटे से भी अधिक समय लग जाता है। हालांकि ग्रामीण कार्य विभाग के कार्यपालक अभियंता ओमप्रकाश बड़ाइक ने जल्द ही सड़क का नवनिर्माण किए जाने की बात कही है।
दरअसल लातेहार जिला मुख्यालय से पांडेयपुरा और आरागुंडी पंचायत को जोड़ने वाली पक्की सड़क की स्थिति काफी जर्जर हो गई है। लगभग 13 साल पहले यह सड़क बनाई गई थी। परंतु उसके बाद मरम्मत और रखरखाव के अभाव में सड़क का कालीकरण पिच लगभग पूरी तरह उखड़ गया है। सड़क की स्थिति यह हो गई है कि अब यह कालीकरण सड़क से बदलकर ग्रेड वन की सड़क बनकर रह गई है।
सड़क पर इतने गड्ढे हो गए हैं कि जब बारिश होती है तो इस पर चलना भी जानलेवा हो जाता है। स्थानीय ग्रामीण कृष्णा उरांव, कार्तिक उरांव और रोहित कुजूर आदि ने बताया कि सड़क की स्थिति इतनी जर्जर हो गई है कि इस पर यात्रा करना खतरनाक हो गया है। 9 किलोमीटर लंबी सड़क को पार करने में ग्रामीणों को 1 घंटे से अधिक का समय लग जाता है। यदि यह सड़क अच्छी होती तो 10 से 15 मिनट में लोग जिला मुख्यालय पहुंच जाते।
ग्रामीणों ने बताया कि बारिश होने के बाद तो यह सड़क और भी खतरनाक हो जाती है। उसके बाद तो सड़क से गुजर कर जिला मुख्यालय जाना बड़ा कठिन हो जाता है। परंतु एकमात्र सड़क रहने के कारण लोगों को मजबूरी में इसी सड़क से आना जाना करना पड़ता है।
ग्रामीणों ने बताया कि इस इलाके में यदि कोई बीमार पड़ जाए तो एंबुलेंस भी आने में काफी समय लग जाता है। दूसरी ओर बीमार व्यक्तियों को अस्पताल ले जाने में भी भारी मुश्किल का सामना करना पड़ता है। वहीं स्कूल कॉलेज जाने वाले बच्चों को भी सड़क से गुजरने में काफी कठिनाई होती है। जो बच्चे लातेहार जिला मुख्यालय में स्थित स्कूल और कॉलेज में पढ़ाई करते हैं उन्हें प्रतिदिन इसी रास्ते से स्कूल, कॉलेज जाना पड़ता है। भारी बारिश होने के बाद तो बच्चों को स्कूल कॉलेज भी छोड़ना पड़ जाता है।